रजिस्ट्री सं. डी.—(डी एन)—73 REGISTERED NO. D—(DN)—73

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 12] नई दिल्ली, शनिवार मार्च 24, 1983 (चैत्र 4, 1906)
No. 12] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 24, 1983 (CHAITRA 4, 1906)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड-1—भारत सरकार के मन्त्रालयो (रक्षा मन्त्रालय को छोडकर) द्वारा जारी किए गए सकल्पो और असाविधिक आदेशो के सम्बन्ध मे अधिसूचनाए	315
भाग I—खण्ड-2—भारत सरकार के मन्त्रालयो (रक्षा मंत्रालय को छोडकर) द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियो, पदोन्नतियो आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाए . . .	375
भाग I—खड 3—रमन्त्रालय द्वारा जारी किए गये सकल्पो और असाविधिक आदेशो के सम्बन्ध मे अधिसूचनाएं	—
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मन्त्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियो, पदोन्नतियां आदि के सम्बन्ध मे अधिसूचनाए	433
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	
भाग II—खण्ड-1-क—अधिनियमो, अध्यादेशो और विनियमो का हिन्दी भाषा मे प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयको पर प्रवर समितियो के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खड -3-उप-खड (i)—भारत सरकार के मन्त्रालयो (रक्षा मन्त्रालय को छोडकर) और केन्द्रीय प्राधिकरणो (सघ शासित क्षेत्रो के प्रशासनो को छोडकर) द्वाराजारी किए गए सामान्य साविधिक नियम (जिनमे सामान्य स्वरूप के आदेश और उपलब्धिया आदि भी शामिल है)	*
भाग II—खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मन्त्रालयो (रक्षा मन्त्रालय को छोडकर) और केन्द्रीय प्राधिकरणो (सघ शासित क्षेत्रो के प्रशासनो को छोडकर) द्वारा जारी किए गए साविधिक आदेश और अधिसूचनाए	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खड (iii)—भारत सरकार के मन्त्रालयो (जिनमे रक्षा मन्त्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणो (सघ शासित क्षेत्रो के प्रशासनो को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य साविधिक नियमों और साविधिक आदेशो (जिनमे सामान्य स्वरूप की उपविधिया भी शामिल हैं) के हिन्दी मे प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठो को छोडकर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 मे प्रकाशित होते है)	*
भाग II—खड 4—रक्षा मन्त्रालय द्वारा किए गए साविधिक नियम और आदेश .	*
भाग III—खड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक सघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयो और भारत सरकार के सबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयो द्वारा जारी की गई अधिसूचनाए	6361
भाग III—खड 2—पैटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाए और नोटिस	157
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तो के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाए	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाए जिनमे साविधिक निकायो द्वारा जारी की गई अधिसूचनायें आदेश विज्ञापन, और नोटिस शामिल है	1375
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्ति और गैर-सरकारी निकायो द्वारा विज्ञापन और नोटिस	53
भाग V—अग्रेजी और हिन्दी दोनो मे जन्म और मृत्यु के आकडे को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ सख्या प्राप्त नही हुई।

CONTENTS

	PAGES
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Governmen India (other than the Ministry of Defence) ..	315
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	375
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resotutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	433
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railways Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India.	6361
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta	157
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners ..	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies ..	1375
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	53
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc, both in English and Hindi ..	*

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1984

सं 24-प्रेज/84—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उत्कृष्ट वीरता के कार्यों के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. 131152 नायक राम बहादुर छेत्री, (मरणोपरान्त)
असम राइफल
(प्रभावी तारीख 18 दिसम्बर, 1980)

18 दिसम्बर, 1980 को अपराह्न 3.45 बजे, असम राइफल के नायक राम बहादुर छेत्री अपने कमांडर के साथ एम ओ एन आर सी 4303 से सीमा चौकी सिंगाचिन्गन् आर सी 5294 तक आवश्यक रसद ले जा रहे थे। रास्ते में एक जगह चूनकर बनाए गए एक मजबूत मोर्चे से लगभग 30 भूमिगत विरोधियों ने उन पर हमला बोल दिया। उनकी गाडी पर राकेटों की भारी बौछार हुई और स्वचालित गन से गोलियां दागी गईं। गाड़ी का आगे का पहिया, जिस पर राकेट पडा था, तुरंत ठप्प हो गया और एक राकेट ने ड्राइवर के दो टुकड़े कर दिए। ड्राइवर के पास की आगे की बाईं सीट पर बैठे नायक राम बहादुर छेत्री भी राकेट की किरचों से घायल हुए। चोट लगने के बावजूद उन्होंने गाड़ी से छलांग लगा दी और तुरंत अपनी मशीन-कारबाइन से दो-तीन बौछारें फायर की। साथ ही, वे ऐसे ठिकाने पर पहुंचने की कोशिश करते रहे जहां से ज्यादा असरदार फायर कर सकें। परन्तु उनकी फायर शक्ति उनसे संख्या में कहीं अधिक भूमिगत विरोधियों के सभी दिशाओं से होने वाली भयंकर फायर का मुकाबला न कर सकी। मौत के इतना करीब होते हुए भी नायक राम बहादुर छेत्री आखिर तक जवाबी फायर करते रहे।

इस प्रकार नायक राम बहादुर छेत्री ने मौत के मुंह में होते हुए भी अपने निर्भीक वीर और अत्यधिक सेवा निष्ठ होने का परिचय दिया ।

2. श्री मोहम्मद याकूब अली, (मरणोपरान्त)
सेकेन्ड्री ग्रेड अध्यापक,
जूनियर बेसिक सहायता प्राप्त एलीमेन्ट्री स्कूल,
राझामुन्दरी
(प्रभावी तारीख 13 दिसम्बर, 1981)

जूनियर बेसिक सहायता प्राप्त एलीमेन्ट्री स्कूल, राझामुन्दरी, के सेकेन्ड्री ग्रेड अध्यापक श्री मोहम्मद याकूब अली 12/13 दिसम्बर, 1981, की रात को विजयवाड़ा-काकीनाडा पेसेन्जर ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। जब ट्रेन नवाबपेटे और मारमपल्ली स्टेशनों के बीच चल रही थी तो एक डिब्बे में चाकुओं से लैस चार व्यक्तियों ने दो महिलाओं सहित कुछ यात्रियों पर हमला किया और उनके सोने के जेवरात तथा कलाई की घड़ियां आदि छीन लीं। जिस समय यह लूट-पाट हो रही थी उस समय श्री मोहम्मद याकूब अली टायलेट से बाहर निकले और स्थिति को भांपते हुए उन व्यक्तियों में से एक को पकड़ने की कोशिश की। एक लुटेरे ने उन पर चाकू से प्रहार किया। इस बीच ट्रेन मारमपल्ली स्टेशन के आउटर सिगनल पर पहुंच गई तथा लुटेरों ने लूट के माल के साथ चलती ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया। पहले से घायल याकूब अली ने दूसरी बार साहस करके उनमें से एक को पकड़ने की कोशिश की और इस कार्रवाई में उनकी छाती पर चाकू से दूसरा प्रहार हुआ जो कि उनके लिए घातक सिद्ध हुआ और कुछ मिनटों के अन्दर ही उनकी मृत्यु हो गई।

इस प्रकार श्री मोहम्मद याकूब अली ने अनुकरणीय साहस, उच्चस्तरीय नागरिक उत्तरदायित्व और अपने जीवन की परवाह न करते हुए उच्चकोटि की बलिदान भावना का परिचय दिया ।

3. कैप्टन कर्णी सिंह राठौर, (आई. सी. 37049),
राजपुताना राइफल्स
(प्रभावी तारीख 13 अप्रैल, 1982)

कैप्टन कर्णी सिंह राठौर जब मार्च 1981 में इम्फाल गये तब इम्फाल शहर के भीतर और बाहर राष्ट्रविरोधी गतिविधियां अपनी चरम सीमा पर थीं। शुरू-शुरू में इम्फाल शहर के बिल्कुल बीच अपनी कम्पनी के साथ सिगजेमल चौकी पर वे तैनात थे। कैप्टन कर्णी सिंह राठौर ने तुरन्त अपने आपको शहरी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों की मौजूदा हालत के मुताबिक ढाल लिया और ऐसे कई सफल मिशनों का नेतृत्व किया जिसमें उन्होंने अद्भुत वीरता प्रदर्शित की ।

13 अप्रैल, 1982 को कैप्टन कर्णी सिंह राठौर ने कदम फोकपी खुनाओ (इम्फाल) में एक झोंपडी का घेराव करने के लिये एक कमांडो टास्क फोर्स का नेतृत्व किया, जहां उग्रवादियों का एक बडा दल सुविधाजनक फायरिंग पोजीशनों में जमा हुआ था। उन्होंने निकट से आती भारी गोलाबारी का सामना करते हुए अपनी टीम का नेतृत्व किया और झोंपड़ी को चारों ओर से घेर लेने में कामयाब हो गये। भारी गोलाबारी के बीच वे अन्दर गये और अपनी टीम को वहां तैनात कर वहां से निकल भागने के सभी रास्तों को बन्द कर दिया। इस बीच कुछ राष्ट्रविरोधियों ने, जिनमें मणिपुर की पीपुल्ज लिबरेशन आर्मी के कट्टरपंथी भी शामिल थे, बार-बार चेतावनी दिये जाने के बावजूद आत्मसमर्पण करने से इंकार कर दिया और जबरदस्त रुकावट डाली। इन राष्ट्रविरोधियों को बाहर निकालने के लिए अंत में उस झोंपड़ी में आग लगा दी गई। झोंपडी में जैसे ही आग लगी, कैप्टन कर्णी सिंह एक जगह से दूसरी जगह घूमते हुए अपने दल के लोगों को लड़ने के लिये बढ़ावा देने लगे और भागते हुए राष्ट्रविरोधियों पर खुद भी फायर करने लगे। खिड़की से एक राष्ट्रविरोधी को भागते हुए देखकर, कैप्टन कर्णी सिंह अपनी जान की परवाह न करते हुए लेटी हुई स्थिति से उठ कर खड़े हो गए, एक सिपाही से राइफल ली और उस राष्ट्रविरोधी को

गोली मार दी जो आगे चल कर पीपुल्ज लिबरेशन आर्मी का चेयरमैन थोगम कुंज बिहारी उर्फ रघु के रूप में पहचाना गया। कैप्टन कर्णी सिंह राठौर भागते हुए दूसरे राष्ट्रविरोधियों पर भी फायर करते रहे। ये राष्ट्रविरोधी भी जवाबी फायर कर रहे थे। यह देखकर कि कुछ मृत और घायल राष्ट्रविरोधी जलती हुई झोंपडी में फंसे पडे थे कैप्टन कर्णी सिंह अपनी जान जोखिम में डाल कर दहती हुई झोपडी में से मरे और घायल राष्ट्र-विरोधियों को बाहर निकाल लाए। इस कार्रवाई के दौरान पीपुल्ज लिबरेशन आर्मी के चेयरमैन सहित नौ कट्टरपथी मार डाले गए या पकड़ लिए गए।

इस प्रकार कैप्टन कर्णी सिंह राठौर ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

4. श्री सुरेश कुमार,
सुपुत्र श्री उमराव सिंह,
बी-35, एम. सी. डी. कालोनी,
आजादपुर,
दिल्ली
(प्रभावी तारीख 28 मई, 1982)

28 मई, 1982 को 173/55, रामेश्वर नगर, दिल्ली, के निवासी श्री राजकुमार की पत्नी संतोष जब नानीवाला बाग, आजादपुर दिल्ली से सब्जी खरीदने के बाद अपने घर वापस जा रही थी तो एक अज्ञात व्यक्ति ने अन्धेरे का फायदा उठाकर उनपर हमला कर दिया। उनकी चीखें सुनकर श्री सुरेश कुमार उनकी सहायता के लिए दौडे तथा हमलावर के साथ गुत्थम-गुत्था हुई और उसने उनकी छाती में चाकू घोंप दिया। इसके परिणाम-स्वरूप श्री सुरेश कुमार नीचे गिर पडे और अपराधी भागने में सफल हो गया। श्री सुरेश कुमार को अस्पताल ले जाया गया जहां घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

इस प्रकार श्री सुरेश कुमार ने उत्कृष्ट वीरता, उच्चस्तरीय नागरिक उत्तरदायित्व और तत्परता का परिचय दिया और इस कार्रवाई में अपने प्राणों की आहुति दे दी।

5 श्री अरविंदर पाल सिंह,
ए-227, डी. डी. ए. कालोनी,
न्यू रणजीत नगर,
नई दिल्ली
(प्रभावी तारीख 17 अक्तूबर, 1982)

16/17 अक्तूबर, 1982, की रात को करीब 2 बजे कुछ लुटेरे न्यू रणजीत नगर, नई दिल्ली में डी डी ए कालोनी के एक मकान नं ए 306 में घुसे। उन्होंने मकान मालिक श्री बलदेव राज को दबोच लिया और उनकी एक सोने की जंजीर छीन ली। श्री बलदेव राज के शोर मचाने पर उनकी पत्नी उठ गई पर लुटेरों ने उन पर भी काबू पा लिया।

शोर सुनने पर पडोसी उनकी सहायता के लिए दौडे। लुटेरों ने जैसे ही लोगों को मकान की तरफ आते देखा वे भाग खडे हुए। एक पडोसी श्री अरविंदर पाल सिंह ने भागते हुए लुटेरों को ललकारा और उनमें से एक को पकड लिया। श्री सिंह के चगुल से अपने को छुडाने की कोशिश में उस लुटेरे ने गोली चला दी जो उनके माथे, बाईं आंख और सिर पर लगी। श्री सिंह को तुरंत विलिंगडन अस्पताल ले जाया गया लेकिन डाक्टर उनकी आंख नहीं बचा सके।

इस प्रकार श्री अरविंदर पाल सिंह ने उच्चकोटि के नागरिक दायित्व, साहस और उत्कृष्ट वीरता का परिचय दिया।

6. श्री अशोक कुमार शर्मा, (मरणोपरान्त)
सुपुत्र श्री गिरराज किशोर शर्मा,
कचहरी घाट (आगरा),
जिला आगरा
(प्रभावी तारीख 17 अक्तूबर, 1982)

17 अक्तूबर, 1982 की रात लगभग 11 बजे डाकुओं के एक गिरोह ने आगरा में लक्ष्मीनारायण ओमप्रकाश नामक एक फर्म को लूटा। फर्म के चार व्यक्तियों पर चाकुओं से वार करने के बाद डाकुओं ने उन्हें एक कोठरी में बंद कर दिया। इतने में फर्म के मालिक श्री गंगा शरण घटना-स्थल पर पहुंच गए। उन पर भी हमला करके डाकुओं ने काबू पा लिया और तिजोरी खुलवाने के लिए उन्हें बुरी तरह पीटा।

पिछवाडे की सडक से एक मोटर साइकिल गुजरी। उसे पुलिस समझकर डाकू फर्म के गोदाम से भागने लगे। मौके का फायदा उठाते हुए श्री गंगा शरण अपने मुनीम के साथ छत की ओर भागे। परन्तु डाकुओं ने उनका पीछा किया और वे पिछवाडे की ओर स्थित श्री अशोक कुमार के मकान पर जा गिरे। इससे श्री अशोक कुमार के मकान में चीख-पुकार शुरू हो गई। श्री अशोक कुमार शर्मा उस समय हलवाई की दुकान में दूध ले रहे थे। शोरगुल सुनते ही उन्होंने भाग रहे डाकुओं का पीछा किया और एक को पकड़ कर जमीन पर पटक दिया। फिर दूसरे डाकू को भी ललकारा। श्री शर्मा उसे पकडने के लिए दौड ही रहे थे कि इतने में एक अन्य डाकू ने उनकी छाती में गोली मार दी जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

इस प्रकार केवल 17 साल की उम्र के श्री अशोक कुमार शर्मा ने निहत्थे ही डाकुओं का मुकाबला किया और अपने प्राणों की आहुति देकर बहुत असाधारण बहादुरी का परिचय दिया।

7 4174027 सिपाही उमेश चन्द्र, (मरणोपरान्त)
कुमाऊं
(प्रभावी तारीख 11 दिसम्बर, 1982)

11 दिसम्बर, 1982 को कुमाऊं बटालियन का एक दल, जिसमें एक जे सी ओ और आठ जवान शामिल थे, अपनी यूनिट की एक सीमा चौकी की ओर बढ़ रहा था, जहां उसे ऊंचे पहाडों में खराब मौसम की वजह से फंसे पडे उस सीमा चौकी के पांच कार्मिकों को निकाल लाना था।

सिपाही उमेश चन्द्र इस दल के अगुआ थे और यह दल के आगे बढने के लिये कमर तक जमी बर्फ के बीच से बडी कठिनाई से रास्ता बनाते जा रहे थे। इस दल का हर एक आदमी कमर में बंधी एक रस्सी के जरिए सिपाही उमेश चन्द्र से लेकर आखिरी आदमी तक जुडा हुआ था। जिस इलाके में उन्हें गुजरना था उधर बर्फीली चट्टानों के खिसकने की बहुत आशंका थी।

अचानक एक बडे धमाके की आवाज आई और देखा गया कि एक बहुत बडी चट्टान इस दल की ओर खिसकती आ रही थी। सिपाही उमेश चन्द्र ने अपनी जान की भी परवाह न करते हुए हाथ में लिये डंडे को बर्फ में गाड दिया और उसके सहारे खडा हो गया और दूसरों को मजबूती से रस्सी पकडे रहने के लिये जोर से आवाज दी। यह चट्टान सिपाही उमेश चन्द्र से आ कर टकराई लेकिन वे अपनी जगह पर मजबूती से जमे रहे।

बाद में इस दल के लोगों ने धीरे-धीरे पीछे से अपने को मुक्त कर लिया। जब यह दल सिपाही उमेश चन्द्र जिन्होंने इस चट्टान की पूरी मार सही थी, के पास पहुंचा तो उसे बर्फ में काफी गहराई तक धंसा और अचेत पाया, लेकिन बर्फ में गड़े हुए

डण्डे पर उसकी पकड़ अब भी कायम थी। हर तरह की कोशिश के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और थोड़ी ही देर बाद उन्होंने वीरगति पाई।

इस प्रकार सिपाही उमेश चन्द्र ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया।

8 4059855 राइफलमैन श्रीपाल चन्द,
गढ़वाल राइफल्ज
(प्रभावी तारीख 28 दिसम्बर, 1982)

5 गढ़वाल राइफल के राइफलमैन श्रीपाल चन्द एक गश्ती टुकड़ी में थे जो 27 दिसम्बर, 1982 की रात को परवा के विरोधी मिजो नेशनल फ्रंट की एक टुकड़ी से मुठभेड़ करने भेजी गई थी। सूचना थी कि पास के ही क्षेत्र में विरोधी मौजूद थे।

राइफल मैन श्रीपाल चन्द उस गश्ती टोली के संचालन स्काउट थे जो 20 दिसम्बर 1982 को घने जंगली क्षेत्र में एक नाले की तलाश कर रही थी। सवेरे 9 25 के करीब अचानक जंगल से उन पर फायर किया गया। एक गोली से उनकी बाईं बाह की हड्डी टूट गई और रीढ़ की हड्डी में भी चोट आई। हालांकि उनकी बाह से खून बह रहा था, फिर भी उन्होंने अपनी चेतना शक्ति नहीं खोई और अपने आपको संभालते हुए पेड़ों के बीच छिपी उन तीन भूमिगत झोपड़ियों को देख लिया जहां से गोलियां आ रही थीं। उन्होंने अपनी जान की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए जवाबी असरदार फायर किया और स्काउट ग्रुप के कमांडर हवलदार दर्शन सिंह नेगी को उधर का इशारा भी किया। ग्रुप कमांडर के तत्काल निर्णय और कार्रवाई के कारण गश्ती टुकड़ी के संचालक ने पहल बनाए रखी और दुश्मन के ठिकाने पर बिजली की सी तेजी से हमला बोल दिया। परिणामस्वरूप बहुत बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद पर कब्जा पाया जा सका।

इस प्रकार राइफलमैन श्रीपाल चन्द ने उत्कृष्ट वीरता, सूझ-बूझ और उच्च-कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

9 मेजर नीलकंठन जयचन्द्रन नायर (आई सी 25070)
मराठा लाइट इन्फेंट्री
(प्रभावी तारीख 13 फरवरी, 1983)

मेजर नीलकंठन जयचन्द्रन नायर मिजोरम के मामित क्षेत्र में जनवरी 1980 से एक राइफल कम्पनी की कमान कर रहे थे।

8 फरवरी, 1983 को पूर्व सूचना पर मामित से दो गश्त निकलीं। एक मेजर नीलकंठन जयचन्द्रन नायर के नेतृत्व में विशेष मिशन पर नौका गश्त पर और दूसरी पलवा नदी के पूर्वी इलाके की गश्त के लिए पैदल चल दी। ऐसे ऊपर इलाके पर जहां कोई पथ वगैरह नहीं है, 25 किलोमीटर तक थका कर चूर-चूर कर देने वाला मार्च करने के बाद 11 फरवरी, 1983 को उनकी अनौपचारिक गश्त नदी के किनारे पहुंची जहां से वे यहीं के नाविकों के कपड़ों में नौका से आगे बढ़े।

13 फरवरी, 1983 को नदी के किनारे पूर्व निश्चित स्थान पर गश्त ने पड़ाव डाल दिया और इंतजार करने लगे। इसके शीघ्र ही बाद आशा के मुताबिक दो भूमिगत वहां आए और उन्होंने गश्त वालों को वहीं का नाविक दल समझा। गश्त के लीडर बिल्कुल शान्त, धीर और सतर्क रहे। वह एक राइफल धारी भूमिगत के पास गए। जैसे ही दोनों ने यह समझा कि वे फंस गए हैं उन्होंने फौरन ही मेजर नीलकंठन जयचन्द्रन नायर को अपनी-अपनी राइफलों का निशाना बनाया। दोनों तरफ से की जाने वाली फायरिंग के दौरान एक भूमिगत ने मेजर नीलकंठन जयचन्द्रन नायर पर बिल्कुल नजदीक से फायर किया। गोली ने मेजर नीलकंठन जयचन्द्रन नायर की दोनों जांघों को भेद कर बुरी तरह घायल कर दिया। फिर भी मेजर नायर ने एक राष्ट्र-विरोधी को अपनी गोली का निशाना बना लिया और दूसरे से भी निपटने के लिए मुंह फेरा लेकिन इससे पहले कि वे दूसरे को अपना निशाना बनाते वह नदी में कूद गया। यद्यपि उनके बहुत ही खून बह रहा था फिर भी वे कुशलतापूर्वक अपनी गश्त का निर्देश करते रहे और अपनी ऐसी नाजुक हालत के बावजूद उस भूमिगत का पीछा करने के लिए नदी में कूद पड़े जो बच निकलने की पूरी कोशिश में था। इतना जख्मी होने के बावजूद अफसर गश्त का तब तक निर्देशन करते रहे जब तक कि अगले दिन हवाई जहाज उन्हें वहां से सिलचर नहीं ले गया।

इस प्रकार मेजर नीलकंठन जयचन्द्रन नायर ने अपनी वैयक्तिक सुरक्षा की परवाह न करते हुए उत्कृष्ट वीरता और साहस का परिचय दिया।

10 स्क्वाड्रन लीडर हरि नाथ चतुर्वेदी,
वी. एम. (11161), चिकित्सा
(प्रभावी तारीख 19 फरवरी, 1983)

स्क्वाड्रन लीडर हरि नाथ चतुर्वेदी (11161), चिकित्सा, 1982-83 के दक्षिण-ध्रुव के लिए द्वितीय भारतीय वैज्ञानिक अभियान दल के चिकित्सा अधिकारी चुने गये थे। वहां उन्होंने अत्यन्त प्रतिकूल मौसमी स्थितियों में अभियान की सम्पूर्ण अवधि में चिकित्सा सेवा का संचालन किया।

19 फरवरी, 1983 को जब दक्षिण ध्रुव बेस कैम्प में केवल तीन वैज्ञानिक रह गए तब स्क्वाड्रन लीडर चतुर्वेदी पोत पर लौट कर अपेक्षाकृत सुख-सुविधा से रहने की बजाये कैम्प में ही रुके रहने के लिये राजी हो गए। बहुत तड़के 130 कि.मी. प्रति घंटा वेग के बर्फानी तूफान में कैम्प घिर गया। उस समय दृश्यता लगभग नहीं के बराबर हो गई और तापमान 15 डि से. तक नीचे गिर गया। मिनटों में सारा कैम्प बुरी तरह से नष्ट-भ्रष्ट हो गया। जिन तम्बुओं में वैज्ञानिक उपकरण और रसोई का प्रबंध था वे सभी उखड़ कर बर्फ की परतों में दब गए। यहां तक कि वहां निर्मित पक्का कुटीर भी इस हिम-झंझावात को नहीं सह सका। इसके दोनों दरवाजे उड़ गये और धड़ल्ले से अन्दर आ-आ कर बर्फ भर गई। इस छोटे से ठिकाने से भी बाहर निकलने का साहस करने में इधर-उधर उड़ रहे कैम्प के सामान से चोट खाने और कुछ भी दिखाई न पड़ने के कारण भटक जाने का भी भय था।

स्क्वाड्रन लीडर चतुर्वेदी ने अपनी जान सरासर जोखिम में डाल कर अपने को एक लम्बे रस्से से बांधा और उस रस्से को कुटीर से खूंटे की तरह बांध कर नष्ट-भ्रष्ट तम्बुओं में बारी-बारी से जाकर जो कुछ भी उपकरण और सामान वह पा सके उन्हें बचाया और सुरक्षित रखा।

रात होते-होते एक सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गया और दूसरे में अपताप के लक्षण दिखाई देने लगे। पहले-पहल दवाइयों की पेटी ढूंढने पर नहीं मिल पायी। थके-मांदे होने पर भी स्क्वाड्रन लीडर चतुर्वेदी फिर उसे ढूंढने के लिए बाहर निकले और मात्र दृढ़ संकल्प और आत्मोत्सर्ग के बल पर वह दवाइयों की पेटी ढूंढ पाने में सफल हो गये। बीमार सदस्यों को दवा देने के बाद वह उनके ठीक होने तक उनकी रात-भर देख-रेख करते रहे।

इस हिम-झंझावात की विनाशलीला बावन घंटे चलती रही। इस अवधि में अल्प भोजन सामग्री और लगभग बिना किसी आश्रय के होते हुए स्क्वाड्रन लीडर चतुर्वेदी ने उच्चतम कोटि की व्यावसायिक निष्ठा और कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया। यदि उन्होंने सूझ-बूझ और साहस से काम न लिया होता तो

अधिकांश महत्वपूर्ण और अत्यन्त मूल्यवान वैज्ञानिक उपकरण नष्ट हो जाते और अभियान के दौरान जुटाए और रिकार्ड किए गए अमूल्य आंकड़े भी लुप्त हो जाते।

इस प्रकार स्क्वाड्रन लीडर हरि नाथ चतुर्वेदी ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और अति उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

11. 17732, नायक टेक बहादुर थापा, (मरणोपरान्त)
असम राइफल
(प्रभावी तारीख 23 फरवरी, 1983)

22 फरवरी, 1982 को सटीक गांव परिषद के अध्यक्ष श्री के. थांटलुएगा को मिजो राष्ट्रीय मोर्चे के किसी अज्ञात भूमिगत विरोधी ने गोली से मार डाला। सटीक गांव परिषद के अध्यक्ष वे पहले व्यक्ति थे जो मिजो राष्ट्रीय मोर्चे की हिंसा के शिकार हुए। 11 फरवरी, 1983 की गांव परिषद के अध्यक्ष की हत्या से काफी सनसनी फैल गई और मुजरिम को जल्दी से पकड़ना और खत्म करना सुरक्षा बल के लिए चुनौती बन गया।

23 फरवरी, 1983 को सटीक के आसपास के गांवों और झूम इलाके की पूरी तलाशी लेनी शुरू कर दी जिससे सटीक गांव परिषद के अध्यक्ष के हत्यारे को पकड़ा और खत्म किया जा सके। नायक टेक बहादुर थापा भी उस गश्त के एक सदस्य थे जिसने इस संक्रिया में भाग लिया था। असम राइफल के 3 अन्य श्रेणी सैनिकों के साथ जब वे सहायक गश्त के तौर पर तछिप क्षेत्र के आस-पास तलाशी ले रहे थे तब उन्होंने एक झूम-झोंपड़ी में कुछ हलचल देखी। तत्काल उन्होंने उस झूम-झोंपड़ी के इर्द-गिर्द अपनी गश्त के दूसरे सदस्यों को फैला दिया और इस झोंपड़ी की पूरी तरह तलाशी लेने की दृष्टि से झोंपड़ी के प्रवेश-द्वार पर पहुंचे। प्रवेश-द्वार पर झोंपड़ी के अन्दर से उन पर एक के बाद एक दो गोलियां फायर की गईं, इनमें से एक गोली उनके पेट में लगी। गोली से लगी चोट की जरा-सी भी परवाह किए बिना, नायक टेक बहादुर थापा अपने हमलावर पर टूट पड़े ताकि वे उसे जिंदा पकड़ सकें और निरस्त्र कर सकें। लेकिन हमलावार ने नायक टेक बहादुर से पीछा छुड़ा लिया और बच कर भागना शुरू कर दिया। कोई और चारा न देख कर और अपनी सूझ-बूझ को बनाए रखते हुए, उन्होंने फौरन अपनी स्टेन मशीन कावाइन से फायर शुरू कर दिया और भागते हुए हमलावर को मार गिराया। अत्यधिक खून बहने से हुई कमजोरी और प्राण-घातक पीड़ा सहते हुए भी नायक थापा ने दूसरे सदस्यों की मदद से वहां से दो और संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा और गश्त लीडर के आने तक स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखा। उन्हें यूनिट हास्पिटल ले जाया गया किन्तु इससे पहले कि वहां उनके पेट में लगी गोली को आपरेशन करके निकाला जाता वे वीरगति को प्राप्त हुए।

बाद में पता चला कि वह मृतक तथाकथित प्राइवेट थान-जुआला था और वही सटीक गांव परिषद के अध्यक्ष का हत्यारा था।

इस प्रकार नायक टेक बहादुर थापा ने विरोधी को पकडने में अपने जीवन की परवाह न करते हुए उत्कृष्ट वीरता और साहस का परिचय दिया।

सं. 25-प्रेज/84—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को वीरता पूर्ण कार्यों के लिए "शौर्य चक्र" प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

(1) जी ओ-1405 सिविलियन अफसर ग्रेड-3
कृष्णानन्द मैनाली (मरणोपरान्त)
(प्रभावी तारीख 17 अप्रैल, 1982)

सीमा सड़क संगठन के श्री कृष्णानन्द मैनाली 17 अप्रैल, 1982 को अपराह्न 3-30 बजे दो पाइनियर के साथ जीप पर अपने मुख्यालय लौट रहे थे तो गाड़ी के एक टायर में हवा कम होने के कारण इन्हें इम्फाल शहर से कुछ ही दूरी पर मजबूरन रुकना पड़ा। वे गाड़ी में एक राइफल और रोकड़ बाक्स ले जा रहे थे।

श्री मैनाली ने पाइनियर चौधरी की सहायता के लिए मुख्यालय भेज दिया और पाइनियर ड्राइवर श्री रवीन्द्रन वासुदेवन कंडाथिवडाकेतिल के साथ वहीं रुक गए। श्री मैनाली रोकड़ बाक्स और राइफल के साथ गाड़ी में अगली सीट पर बैठे हुए थे और पाइनियर रवीन्द्रन पिछले पहिए की जैकिंग कर रहे थे। इतने में दो राष्ट्रविरोधी वहां पहुंचे और उन्होंने रोकड़ बाक्स तथा राइफल छीनने की कोशिश की। रोकड़ बाक्स और राइफल बचाने में श्री मैनाली की राष्ट्रविरोधियों से भिडन्त हो गई और राष्ट्रविरोधियों ने नजदीक से गोली चलाकर उन्हें मार डाला। पाइनियर रवीन्द्रन दूसरे राष्ट्रविरोधी पर काबू पाने में सफल हो गए जो उनसे भिड़ रहा था और गाड़ी को तीन पहियों पर ही चलाकर सबसे समीप वाले केन्द्रीय रिजर्व पुलिस कैम्प में ले गए।

इस प्रकार श्री कृष्णानन्द मैनाली ने अपनी जान की बाजी लगाकर अनुकरणीय साहस, कर्त्तव्यपरायणता और उच्चकोटि के उत्तरदायित्व का परिचय दिया।

(2) जी-154636 पाइनियर रवीन्द्रन वासुदेवन
कंडाथिवड्डाकेतिल
(प्रभावी तारीख 17 अप्रैल, 1982)

17 अप्रैल, 1982 को सीमा सड़क संगठन के पाइनियर रवीन्द्रन वासुदेवन कंडाथिवड्डाकेतिल अपने अफसर कमांडिंग श्री कृष्णानन्द मैनाली की जीप पर जिसमें एक तिजोरी (केश-बाक्स) और राइफल थी, इम्फाल लौट रहे थे। इम्फाल के बाहर गाड़ी का एक पहिया पंक्चर हो गया और गाड़ी को नौरमथोंग पुल के पास मजबूरन रोकना पड़ा। पाइनियर रवीन्द्रन और श्री मैनाली गाड़ी की निगरानी कर रहे थे जबकि एक अन्य पाइनियर चौधरी को, जो कि गाड़ी में उनके साथ थे, मदद लाने के लिए मुख्यालय भेजा गया।

जब उनके पास से गुजर रहे दो राष्ट्रविरोधियों में से एक ने राइफल छीनने का प्रयास किया तो पाइनियर रवीन्द्रन उससे भिड़ गए। दूसरे राष्ट्रविरोधी ने गाड़ी की अगली सीट पर बैठे श्री मैनाली को गोली से मार दिया। हालांकि पाइनियर रवीन्द्रन काफी जख्मी हो गए थे फिर भी ये गाड़ी को केवल तीन पहियों के सहारे पुल के पार, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस की नजदीकी यूनिट तक ले गए। इस प्रकार इन्होंने तिजोरी और राइफल को राष्ट्रविरोधियों के हाथों में पड़ने से बचा लिया।

इस प्रकार पाइनियर रवीन्द्रन वासुदेवन कंडाथिवड्डाकेतिल ने बड़ी सूझ-बूझ, साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

(3) लेफ्टिनेन्ट रवीन्द्र कक्कड (01835-डब्ल्यू)
(प्रभावी तारीख 16 जून, 1982)

पारादीप के पास उड़ीसा के तट पर आए भयंकर चक्रवात तथा तूफानी हवाओं के कारण वहां जान-माल की भारी क्षति हुई। मछली पकड़ने की अनेक नौकाएं डूब गईं। बन्दरगाह क्षेत्र में अनेक स्थानों पर बहुत से छोटे-छोटे जहाज क्षतिग्रस्त होकर डूब गए। इससे वहां जहाजों का आना-जाना बहुत जोखिमपूर्ण हो गया था। समुद्र की तलहटी में डूबी इन नौकाओं और अन्य जलयानों के ध्वंसावशेषों का शीघ्र पता लगाने और उन्हें निकालने का खतरे से भरा काम भारतीय नौसेना को सौंपा गया।

16 जून, 1982 को क्लीयरेन्स डाइविंग अफसर लेफ्टिनेन्ट रवीन्द्र कक्कड़ (01835-डब्ल्यू) को इन ध्वंसावशेषों का पता लगाने तथा उन्हें निकालने का सारा का सारा काम सौंपा गया। मछली पकड़ने के जालों, ध्वंस पोतों के बिखरे होने तथा पानी के अंदर करीब-करीब न दिखने की स्थिति होने के बावजूद इन्होंने ध्वंसावशेषों का पता लगाने के लिए पानी में गोते लगाए। इनके प्रेरक नेतृत्व में सुव्यवस्थित योजना से काम करके इनके दल ने यथासंभव कम समय में बन्दरगाह से ध्वंसावशेषों को निकालने में सफलता प्राप्त की।

इस प्रकार लेफ्टिनेन्ट रवीन्द्र कक्कड़ ने उच्चकोटि की व्यावसायिक कुशलता, दृढ़ता, साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

(4) स्क्वाड्रन लीडर सदानन्द केशव दीक्षित (12407), उड़ान (पाइलट)
(प्रभावी तारीख 22 जुलाई, 1982)

स्क्वाड्रन लीडर सदानन्द केशव दीक्षित (12407) (पाइलट) लेह में एक यूनिट की डिटैचमेन्ट में तैनात थे। 21 जुलाई, 1982 को इन्हें पर्यटकों के एक दल की खोज के लिए भेजा गया। यह विभिन्न देशों के 10 पर्यटकों का एक दल था जो पदम गांव से दो रैफ्ट नौकाओं पर जान्स्कर नदी के बहाव की ओर गया था। उसी दिन निम्मू पर जहां जान्स्कर नदी सिंध नदी में मिलती है, दो खाली रैफ्ट नौकाएं देखी गईं और यह आशंका हुई कि वे 10 पर्यटक किसी खतरे में थे। जांस्कर नदी औसतन लगभग 7 फुट चौड़ी है और इसकी घाटी बहुत ही संकरी है। नदी के दोनों तटों की ओर हजारों फुट ऊंची चट्टानें हैं।

स्क्वाड्रन लीडर दीक्षित अपराह्न 3 बजे लेह से चले। इन्हें चुनौतीपूर्ण बचाव कार्य में निहित भारी खतरों का पूरा ज्ञान था। जिस समय ये सिंध और जांस्कर नदी के संगम के पास पहुंचे, सूर्य ढल चुका था और चारों ओर परछाइयां और अंधेरा छाने लगा था। इसके साथ ही तेज हवायें चल रहीं थीं। इन सब कारणों तथा जोर की हवाओं और तूफान से खोज कार्य लगभग असंभव था। नदी की संकरी घाटी और मधम होते हुए प्रकाश को देखते हुए इन्हें अपने हैलीकाप्टर को 100 फुट की ऊंचाई तक नीचे लाना पड़ा। वहां का दृश्य एकदम रोंगटे खड़े करने वाला था। ऐसी स्थिति में विमान उड़ाने का साहस करना, विपरीत परिस्थितियों से जूझना और तब बचे हुए पर्यटकों की तलाश करना एक ऐसा काम था जिसके लिए असाधारण साहस और उच्च कोटि की व्यावसायिक कुशलता की जरूरत थी। स्क्वाड्रन लीडर दीक्षित इन परिस्थितियों में भी विचलित नहीं हुए और तलाश जारी रखी। 30 मिनट तक लगातार उड़ान भरते रहने के बाद उस अंधेरी घाटी में इन्होंने नदी के दायें किनारे पर किसी को चलते हुए सा देखा। पर्यटक एक बहुत गहरी ढलवीं चट्टान से चिपके हुए थे। इन्होंने इन लोगों के पास पहुंचने का हर संभव प्रयास किया लेकिन उसमें असमर्थ रहने पर नदी के दूसरे किनारे की ओर एक पथरीली जगह पर बड़ी कठिनाई से अपना हैलीकाप्टर उतारा। पर्यटकों के साथ सम्पर्क करने पर मालूम हुआ कि वे सब सुरक्षित थे लेकिन उनके पास भोजन और वस्त्र नहीं थे। इन्होंने खाद्य-सामग्री के दो पैकिट दिए ताकि वे कुछ खाकर रात बिता सकें। स्क्वाड्रन लीडर दीक्षित अपना हैलीकाप्टर वापस लेह ले गए। अगले दिन पौ फटते ही ये हैलीकाप्टर से फिर वहीं पहुंचे। इनके साथ इंजीनियरों का एक दल भी गया था ताकि नदी के पार पुल बनाकर उन पर्यटकों को लाया जा सके। लेकिन तुरन्त ही यह महसूस किया गया कि काम चलाऊ पुल से काम नहीं चलेगा इसलिए फैसला किया गया कि हैलीकाप्टर को नदी के दायें किनारे की ओर ढलवीं चट्टान के साथ नीचे लाकर उन पर्यटकों को ऊपर चढ़ा दिया जाए। यह बहुत ही कठिन और जोखिमपूर्ण काम था क्योंकि वहां काफी तेज हवायें चल रहीं थीं और पूरे किनारे की ओर खड़ी ऊंची-ऊंची चट्टानें थी। इस हालत में पर्यटकों को ऊपर चढ़ाना बहुत कठिन कार्य था। इन्हीं परिस्थितियों में वहां हैलीकाप्टर से तीन बार उड़ान की गई और तब पर्यटकों को सुरक्षित लेह पहुंचाया जा सका।

इस प्रकार स्क्वाड्रन लीडर सदानन्द केशव दीक्षित ने वीरता, अदम्य साहस और असाधारण व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

(5) 18768 लांस नायक प्रेम बहादुर छेत्री, असम राइफल
(प्रभावी तारीख 11 अगस्त, 1982)

लंगफून के नजदीक के जंगलों में छुपने की जगहों की सूचना पाते ही एक विशेष गश्ती दल आस इलाके की खोज के लिए भेजा गया। बीहड़ जंगल, घने झाड-झंखाड़, खड़े ढलानों और खडी चट्टानों से यह इलाका घिरा है। इस क्षेत्र की सही ढंग से खोज करने के लिए गश्ती दल को छोटी-छोटी टुकड़ियों में बांट दिया गया और इस क्षेत्र की नियमित खोज की गई। इस इलाके की लगातार तकरीबन 24 घंटे खोज करने के बाद 11 अगस्त, 1982 को रात्रि लगभग 8 बजे एक टुकड़ी को जिसमें लांस नायक प्रेम बहादुर छेत्री और अन्य रैंक शामिल थे, पश्चिम की ओर तकरीबन 75 मीटर की दूरी से दो व्यक्तियों के बोलने की आवाज सुनाई दी। इस क्षेत्र में विरोधियों के सिवाय और कोई भी नहीं हो सकता, ऐसा सोचकर यह टुकड़ी तुरन्त उस दिशा की ओर बढ़ गई।

इस टुकड़ी के आगे लांस नायक प्रेम बहादुर छेत्री चल रहे थे, उन्होंने अपनी स्टेनगन से फायर शुरू कर दिया लेकिन दुर्भाग्य से उसमें कुछ रुकावट आ गई। फिर भी उनकी नजर भागते हुए विरोधियों पर पड़ गई। अपनी जान की परवाह किए बिना वे भागते हुए उस ओर झपटे जिस ओर विरोधी भाग रहे थे। उसने जैसे ही यह महसूस किया कि वह जल्द ही पकड़ जाने वाला है, अपनी जैकेट में से पिस्तौल निकाली, मुड़ा और उन पर गोली चला दी। इतना देखते ही लांस नायक प्रेम बहादुर छेत्री फुरती से उस पर कूद पड़े और दबोच कर उसे पकड़ लिया।

इस प्रकार नायक प्रेम बहादुर छेत्री ने साहस, सूझ-बूझ और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

(6) 5336272 नायक सूबेदार देव सिंह ठाकुर, गोरखा राइफल्स
(प्रभावी तारीख 24 अगस्त, 1982)

24 अगस्त, 1982 को चेमपांग से तीन गाड़ियों का एक काफिला बहुत अग्रिम क्षेत्रों में स्थित चौकियों को राशन और अन्य जरूरी सामान ले जा रहा था। काफिले की सुरक्षा का

भार नायब सूबेदार देव सिंह ठाकुर पर था। काफिला जब चेमपोंग और अग्रिम चौकी के बीच तोहोक पुल के बाद पडने वाली चढाई पार कर रहा था तो विरोधियों ने जो घात लगाए हुए थे, तीन राकेट दाग दिए और स्वचालित राइफलों से गोलाबारी करके काफिले की सबसे आगे वाली गाडी खराब कर दी। उसके चालक, सहयोगी चालक और एक सिपाही को तत्काल मार डाला। दो अन्य जवानों को भी जख्मी कर दिया।

नायब सूबेदार देव सिंह ठाकुर ने जो दूसरी गाडी में सवार थे, तुरन्त लाइट मशीनगन से उस ओर गोलाबारी शुरू कर दी जहां विरोधी घात लगाए हुए थे और फिर अपने जीवन की परवाह किए बिना अपने पाच सिपाहियों के साथ गोलाबारी करते हुए उसी ओर बढ़े। दूसरी ओर स्वचालित हथियारों से हो रही भारी गोलाबारी और ओलावृष्टि की तरह गोलियों की बौछारों के बावजूद ये अपने सिपाहियों के साथ आगे बढ़ते रहे। फिर बिजली की तेजी के साथ ये खराब गाडी के पास पहुंचे। वहां देखा एक विरोधी मृत सिपाही की राइफल, सहयोगी ड्राइवर की स्टेनगन और रेडियो सेट वी. एम. 25ए वहां से ले जाने की कोशिश कर रहा था। इन्होंने उस पर हमला किया। उसने भी इन पर गोली चला दी। दूसरे विरोधियों की ओर से भी इन पर गोलियों की बौछारें हो रहीं थीं। लेकिन ये बिना घबराए आगे बढ़ते रहे। इनके इस साहस पर विरोधी हक्का-बक्का रह गया और डर के मारे भाग निकला। चीन में बनी अपनी एम 21 राइफल और अन्य हथियार वहीं फेंक गया। इन्होंने उसका पीछा किया और गोली मार कर उसे घायल कर दिया। भागते हुए विरोधी का इन्होंने पीछा किया लेकिन ऊपर से हो रही भारी गोला-बारी और घने जंगल की आड़ में वह बच निकला। नायब सूबेदार देव सिंह ठाकुर ने अपने मृत कार्मिकों की राइफलें, स्टेनगन और वी एम 25ए विरोधियों के हाथ पडने से बचा लिए और विरोधी की चीनी राइफल भी पकड ली।

इस प्रकार नायब सूबेदार देव सिंह ठाकुर ने अपने जीवन और व्यक्तिगत सुरक्षा को ताक में रखकर एक बहुत साहसिक कार्य किया।

(7) कैप्टन कवलप्पारा सिवरामन मुथुकृष्णन (आई सी-32583), इंजीनियर्स

(प्रभावी तारीख 29 अगस्त, 1982)

उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में अगस्त-सितम्बर, 1982 में आई अभूतपूर्व बाढ के दौरान राहत-कार्यों के लिए 62 फील्ड रेजीमेन्ट के मेजर कपिल के नेतृत्व में एक सैनिक टुकडी भेजी गई थी जिसमें कैप्टन कवलप्पारा सिवरामन मुथुकृष्णन प्रभारी इंजीनियर अफसर थे।

29 अगस्त, 1982 को शाम के लगभग 4 बजे जब कैप्टन मुथुकृष्णन केन नदी में नाव से अपने बेस को लौट रहे थे तो कुछ लोगों की बचाओ-बचाओ की चीत्कार सुनाई दी। ये तुरन्त नाव उसी ओर ले गए और देखा कि पानी में लगभग पूरी तरह डूबे हुए पेड की टहनियां पकडे गांव के 13 व्यक्ति बडी कठिनाई से अपने को बहने से बचाए हुए थे। बाढ़ के तेज पानी के थपेडों से टहनियां तडतडा रहीं थीं। देखते ही 11 वर्ष के एक लडके और 75 वर्ष के एक वृद्ध के हाथ की टहनी टूट गई और वे दोनों पानी में बहने और डूबने लगे। कैप्टन मुथुकृष्णन अपने जीवन की परवाह किए बिना तुरन्त पानी में कूद गए और तेज धारा को काटते हुए उन्हें बचाने की कोशिश करने लगे। इन्हें देखते ही इनके साथी सैपर रवीन्द्रन और सैपर मुनिस्वामी भी कमर में ट्यूब बांध कर नदी में कूद पड़े। काफी संघर्ष करने के बाद कैप्टन मुथुकृष्णन ने उस लड़के तथा वृद्ध को बचा लिया। पानी के अन्दर कंटीली झाड़ियों से इनका शरीर बुरी तरह बिंध गया था फिर भी ये अपने दो जवानों की सहायता से शेष 11 व्यक्तियों को बचाने में जुट गए।

इस प्रकार कैप्टन कवलप्पारा सिवरामन मुथुकृष्णन ने अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए असाधारण कर्त्तव्यपरायणता और वीरता का परिचय दिया।

(8) सेकिण्ड लेफ्टिनैन्ट सुशील सिंह (एस एस 30690), जम्मू और कश्मीर राइफल्स

(प्रभावी तारीख 31 अगस्त, 1982)

सेकिण्ड लेफ्टिनैन्ट सुशील सिंह ने मिजोरम में अन्तरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित सिलचरी चौकी की कमान सम्भाल रखी थी। गैर-कानूनी मिजो राष्ट्रीय सेना ने बंगला देश के चिटगांव पहाडी-पगडंडियों में अपना सामरिक मुख्यालय कायम कर लिया था। विरोधी प्राय: इस स्थान से संघ शासित प्रदेश मिजोरम में घुसपैठ कर तोड-फोड की कार्रवाई करते थे और आतंक फैलाया करते थे। सेकिन्ड लेफ्टिनैन्ट सुशील सिंह द्वारा कमान की गई चौकी को विरोधियों की घुसपैठ रोकने और सीमाओं से पार छिपने की जगह से निकलने से रोकथाम करने की कार्रवाई का काम सौंपा गया था।

31 अगस्त, 1982 को लगभग 7.30 बजे शाम सेकिन्ड लेफ्टि. सुशील सिंह को अपुष्ट सूचना प्राप्त हुई कि उनकी चौकी से पांच किलोमीटर से ज्यादा की दूरी पर स्थित छुपने की जगह में हथियारों से लैस विरोधियों के कुछ सशस्त्र सैनिक मौजूद थे। फौरन अचानक छापा मारकर सेकिन्ड लेफ्टिनैन्ट सुशील सिंह ने सशस्त्र विरोधियों को पकड़ने की योजना बनाई और अंधेरे में अपने गश्ती-दल के साथ खतरनाक जोखिम भरे इलाके को पार किया। उनकी संकल्प भरी कोशिशों और टोह लेने की होशियारी से विरोधियों के छिपने के ठिकानों का सही पता लग गया। बचकर निकल भागने के तमाम रास्तों को कारगर ढग से रोका और उसी दिन लगभग 11-40 बजे विरोधियों के ठिकाने पर धावा बोल दिया। अचानक हमला होने पर विरोधी घबरा गए और वे गश्ती-दल पर फायर करते हुए अपनी सुरक्षा के लिए जंगल में भागने लगे।

अपने आप को गम्भीर खतरे में डालकर सेकिन्ड लेफ्टि. सुशील सिंह ने भागने वाले विरोधियों का पीछा किया और उन पर फायर किया जिसके कारण एक विरोधी को पंगु कर दिया। इस मुठभेड़ में एक और विरोधी भी गंभीर रूप से घायल हुआ और एक और विरोधी को दबोच लिया गया और पकड लिया गया।

इस मुठभेड़ में सेकिन्ड लेफ्टि. सुशील सिंह ने पहल शक्ति, साहस, दृढ़ निश्चय, कर्त्तव्यपरायणता और उच्चकोटि के नेतृत्व का परिचय दिया।

(9) लेफ्टि. कमांडर अजय हेमंत चिटनिस (02108 डब्ल्यू)

(प्रभावी तारीख 8 सितम्बर, 1982)

लेफ्टि. कमांडर अजय हेमंत चिटनिस (01208 डब्ल्यू) 1969 में भारतीय नौसेना में भर्ती हुए और नेवल पाइलट के रूप में उनका रिकार्ड उत्कृष्ट है।

8 सितम्बर, 1982 को ले. कमांडर ए. एच. चिटनिस अशांत समुद्र में पनडुब्बी निरोधी मिशन पर पनडुब्बी का पता लगाने के लिये भेजे गये। समुद्र के ऊपर सवा घंटे तक उड़ान भरने के पश्चात् इनके हेलीकाप्टर के दो इंजनों में से एक में अचानक कुछ खराबी आ गई। तब तक अन्धेरा भी बढ़ गया था और बहुत कम दिखाई देने लगा था। इन्होंने इस स्थिति

का शीघ्र जायजा लेकर कार्य को वहीं पर स्थगित करने का निर्णय लिया और जहाज की ओर वापस मुड़े जो कि दस मील दूर था। जहाज की ओर बढ़ते समय बादलों के घिरने के कारण दिखाई देना पहले से भी कम हो गया। जैसे ही हेलीकाप्टर जहाज पर उतरने के लिए मुड़ा उस के स्टार बोर्ड इंजन ने पूरी तरह से काम करना बन्द कर दिया और उसे एकदम बन्द कर देना पड़ा। इस प्रकार संकट के समय में हेलीकाप्टर को अपनी आधी शक्ति से वंचित होना पडा। ऐसी अवस्था में लेफ्टि. कमांडर चिटनिस के सामने दो रास्ते थे या तो वायुयान को पानी में उतारना अथवा उसे एक इंजन की सहायता से आई एन एस राजपूत के 10 मी. × 10 मी. हेलीपैड पर उतारने की कोशिश करना। जहाज समुद्र में 24 नाटिकल मील की चाल से चल रहा था और उसमें काफी उलट-पलट हो रही थी। लेफ्टि. कमांडर चिटनिस ने भारी जोखिम उठा कर बड़े साहस से हेलीकाप्टर को जहाज के हैलीपैड पर उतारने की सोची। इस प्रकार का काम इससे पहले कभी नहीं किया गया था। उत्कृष्ट उडान कौशल का परिचय देते हुए ले. कमांडर चिटनिस ने जहाज के डेक पर एक इंजन की सहायता से हेलीकाप्टर को सफलतापूर्वक उतारा। इन्होंने बड़े धैर्यपूर्वक ठीक निर्णय लेकर उत्कृष्ट उडान-क्षमता दिखाते हुए जहाज को सुरक्षित उतार लिया और इस प्रकार न केवल मूल्यवान हेलीकाप्टर को बचा लिया बल्कि उसमें सवार दो प्रेक्षकों की जान भी बचा ली ।

इस प्रकार लेफ्टि. कमांडर अजय हेमंत चिटनिस ने अपने आपको खतरे में डालकर विषय परिस्थितियों में भी व्यावसायिक कार्यकुशलता, धैर्य, साहस और वीरता का परिचय दिया।

(10) जी/16629 मैसन पृथी सिंह

(प्रभावी तारीख 9 सितम्बर, 1982)

8 सितम्बर, 1982, को दक्षिण मिजोरम में लंगलेह-तुइपांग सडक, जो संचार व्यवस्था का मुख्य साधन है, भारी वर्षा और भू-स्खलन के कारण बंद हो गई थी।

9 सितम्बर, 1982, को सुबह 6 बजे सीमा सडक संगठन के जी/16629 मैसन पृथी सिंह, श्रमिकों के एक दल के साथ अपने कैम्प से भूस्खलन के स्थान की ओर चले। जब इस दल को ले जाने वाली गाडी 17 किलोमीटर की दूरी पर पहुंची तो विरोधियों ने गाड़ी पर घात लगाई और भारी गोला-बारी शुरू कर दी। मैसन पृथी सिंह ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए अपने आदमियों को गाडी के पीछे से निकाल लिया। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित कर लेने के बाद जब वे गाडी से बाहर निकल रहे थे तो विरोधियों ने उनके पेट में गोली मार दी।

इस प्रकार मैसन पृथी सिंह ने निस्वार्थ कर्त्तव्य-निष्ठा के साथ काम करके अपने आदमियों की जान बचाने में साहस और सूझ-बूझ का परिचय दिया।

(11) 1061963 सवार कालू राम जाट,
कवचित कोर

(प्रभावी तारीख 8 अक्तूबर, 1982)

8 अक्तूबर, 1982 की रात को सवार कालू राम जाट गांव सादनगर, भाणी ककराली, में अपने घर आकस्मिक छुट्टी पर थे। लगभग तीन बजे मदद के लिए चीखों की आवाज से उन की नींद खुली। उन्होंने हथियारों से लैस तीन डाकुओं को देखा जिनमें से एक बाहर खडा था और दो मकान के अन्दर थे। उनके ललकारने पर डाकुओं ने गोलाबारी और अंधेरी की आड़ में भाग निकलने की कोशिश की।

डाकुओं की गोलाबारी के बावजूद सवार कालू राम जाट ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अकेले ही उन का पीछा किया। संकरे मोडों वाले रास्तों पर काफी पीछा करने के बाद उन्होंने एक डाकू को पकड ही लिया। पकडे गए डाकू के पास से 12 बोर की एक देशी पिस्तौल, एक लाइव कारतूस और कई फायर किए हुए कारतूस बरामद हुए।

इस प्रकार सवार कालू राम जाट ने डाकू को पकडने में असाधारण साहस का परिचय दिया।

(12) फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सीतारमण लक्ष्मीनारायण थांत्री
(12847), वैमानिक इंजीनियरी (इलेक्ट्रानिकी)

(प्रभावी तारीख 14 अक्तूबर, 1982)

फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सीतारमण लक्ष्मीनारायणन थांत्री (12847) वैमा. इंजी. (इलैक्ट.) एक टीम के सदस्य थे जिसे बिजली घर में डीजल जनरेटिंग सेटों की स्थापना, परीक्षण और चालू करने का काम सौंपा गया था।

14 अक्तूबर, 1982 को एक इंजन में अत्यधिक कम्पन ठीक करने के बाद उसे आगे जांच के लिए चालू किया गया था। चालू करते ही इंजन भागने लगा। उसकी गति एकदम बढ़कर 1000 चक्कर प्रति मिनट की सामान्य प्रचालन गति से कहीं ऊपर पहुंच गई। कन्ट्रोल केबिन में लगे विद्युत नियंत्रण पैनल से इंजन बन्द करने और इंजन पर लगे "स्टाप सोलेनायड" को हाथ से चला कर इंजन बंद करने की कोशिशें व्यर्थ चली गईं। इसी बीच इंजन का एक्जास्ट पाइप लगा पदार्थ आग पकड गया। इससे सारे बिजली घर में जहरीली गैसें और घना धुंआ भर गया जिससे अन्दर कुछ भी दिखाई देना लगभग बन्द हो गया। आल्टरनेटर से निकलती तेज चिनगारियां भी देखी गईं। स्थिति की गम्भीरता को महसूस करते हुए फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सीतारमण लक्ष्मीनारायणन थांत्री ने निर्णय लिया कि इंजन को जाने वाली ईन्धन सप्लाई बन्द कर दी जाए ताकि ईन्धन न मिलने से इंजन बंद हो जाए । अपनी जान को भारी जोखिम में डालकर वे रेंगते हुए इंजन के पीछे गए और इंजन का ईन्धन वाल्व बंद कर दिया। इसके बाद फौरन आग बुझाने के यंत्रों को चालू करवा दिया।

इस प्रकार फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सीतारमण लक्ष्मीनारायणन थांत्री ने न सिर्फ इंजन को पूर्णतया नष्ट होने से बचाया बल्कि उस बिजली घर में लगे अन्य साजोसामान को हो सकने वाले भारी नुकसान से बचा कर असाधारण साहस का परिचय दिया।

(13) फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सुमेर चन्द गौड (14118),
वैमानिक इंजीनियरी (मैकेनिकल)/वायु

(प्रभावी तारीख 25 नवम्बर, 1982)

25 नवम्बर, 1982 को फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट सुमेर चन्द गौड़ (14118) वैमानिक इंजीनियरी (मैकेनिकल)/वायु को रात्रि में परिक्रमा तथा अवतरण अभ्यास करने के लिए पैकेट वायुयान में फ्लाइट इंजीनियर के रूप में भेजा गया। इस उडान में छठा सर्किट भरते समय जब अवचक्र स्विच को नीचे किया गया तो नोज-व्हील-गियर का पाजिटिव लाक-डाउन हरा संकेत नहीं जला। इन्होंने आपात-स्थिति को संभालने के लिए तुरन्त उपयुक्त उपाय किए। नोज-व्हील की जांच करने पर इन्होंने पाया कि नोज-व्हील-गियर पूरी तरह बाहर की ओर नहीं निकला था और ग्राउन्ड-लाकिंग-पिन की सुराखें एक सीध में नहीं थीं। अवचक्र को नीचे करने के लिए जिससे वह पूरी तरह फैल जाए, सभी निर्धारित आपाती उपाय असफल रहे। इस प्रणाली की ठोस और व्यापक जानकारी होने के नाते इस अफसर ने सोचा कि इसका अब एक यही उपाय है कि एक्चुएटर जेक को अलग करके

नोज अवचक्र को पूरी तरह फैलने दिया जाए जिससे नोज-लॉकिंग पिन को अन्दर डालना संभव हो जाएगा और सुरक्षित नीचे उतारा जा सकेगा। परन्तु इसके लिए खुले नोज-व्हील में जाकर एक्चुएटर-जैक के कावलों को खोलना और ग्राउण्ड-लॉकिंग-पिन के सुराखों को सीध में करके ग्राउण्ड-लॉकिंग-पिनों को उनमें डालना आवश्यक था। उन्होंने अपनी जान हथेली पर रखकर यह काम सफलतापूर्वक पूरा किया। बाद में वायुयान सुरक्षित उतरने में सफल हुआ।

इस प्रकार फ्लाइट लेफ्टि ग्मेर चंद गौड़ ने साहस और उच्चकोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

(14) जे सी-112770 नायब सूबेदार दर्शन सिंह असवाल, गढ़वाल राइफल।
(प्रभावी तारीख 28 दिसम्बर, 1982)

28 दिसम्बर, 1982 को नायब सूबेदार दर्शन सिंह असवाल दक्षिण मिजोरम के परवा सैक्टर में एक गश्त की अगुआई कर रहे थे। इस गश्त को घने वन क्षेत्र की खोज करने के लिए भेजा गया था जहां विरोधियों की गोलाबारी से दल के अगुआ जख्मी हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नायब सूबेदार दर्शन सिंह असवाल ने बडी फुर्ती से काम लिया और अपनी जान की परवाह किए बगैर अपने व्यक्तियों को शत्रु पर पूरे साहस से धावा करने के लिए फिर से संगठित किया। यह कार्रवाई इतनी अनायास और आशातीत दृढ़ता तथा तेजी से की गई जिससे विरोधियों के होश उड़ गए और वे बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और शस्त्र छोड़कर भाग खड़े हुए। फिर भी विरोधियों ने हिम्मत नहीं हारी तथा थोड़ी ऊंचाई पर सुरक्षित जगह मिलते ही गश्त पर राइफलों और स्वचालित फायरों से प्रभावी गोलाबारी शुरू कर दी। नायब सूबेदार दर्शन सिंह असवाल ने तत्काल अपनी गश्त को पुनः संगठित किया और उन्हें विरोधियों की धमकी का उत्तर देने के लिए दूर-दूर तक फैला दिया। उन्होंने विरोधियों को खदेड़ने तथा संभव हो तो उनका पीछा करने के लिए भी एक और छोटी टुकड़ी भेज दी। इस टुकड़ी को आते देख विरोधी अंतरराष्ट्रीय सीमा-रेखा के पार भाग खड़े हुए।

इस सम्पूर्ण कार्रवाई में नायब सूबेदार दर्शन सिंह असवाल ने बड़े साहस, धैर्य, उच्चकोटि की व्यावसायिक कुशलता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

(15) विंग कमांडर दिलीप कुमार रणछोडदास अशर (7686) फ्लाइट (पायलट) (मरणोपरान्त)
(प्रभावी तारीख 24 जनवरी, 1983)

फ्लाइंग पायलट विंग कमांडर दिलीप कुमार रणछोड़दास अशर (7686) वायुसेना की एक संक्रियात्मक बम्बर स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। 24 जनवरी, 1983 को रात में प्रशिक्षण उडान के दौरान इनका कैनबरा प्रशिक्षण विमान एक पक्षी से टकरा गया जिससे स्टारबोर्ड इंजन में आग लग गई और विमान एक ओर को झुकने लगा। इस झुकाव को रोकना कठिन हो गया और विमान 90 अंश के कोण में दाईं तरफ से गिरता हुआ जमीन से कुछ ही फुट ऊपर रह गया। इतनी तेजी से यह गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाने पर भी विंग कमांडर अशर ने धीरज नहीं खोया और तुरन्त विमान ऊपर उठाने के प्रयास में जुट गए। उस हालत में जबकि मृत्यु लगभग निश्चित थी, विंग कमांडर अशर ने एक अच्छे कमांडर और सैनिक के रूप में अपने कर्त्तव्य का पालन करते हुए अपने कर्मीदल को सतर्क किया, बाएं इंजन को बंद किया तथा उड़ान सही रखने की कोशिश जारी रखी अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया होता तो ऐसा करने में देरी कर दी होती तो विमान उलट कर नीचे गिर गया होता। इस कार्रवाई में आहत होकर उनकी मृत्यु हो गई लेकिन उन्होंने अपने कर्मीदल के दो सदस्यों की जान बचा ली।

इस प्रकार विंग कमांडर दिलीप कुमार रणछोड़दास अशर ने साहस, उच्चकोटि की व्यावसायिक कुशलता और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

(16) मेजर प्रेम बहादुर थापा (आई सी-24696), गढ़वाल राइफल्स
(प्रभावी तारीख 27 जनवरी, 1983)

27 जनवरी, 1983 की शाम करीब 6.30 बजे मेजर प्रेम बहादुर थापा को अपने एक गश्ती जवान से यह सूचना मिली कि राष्ट्रविरोधियों की एक टुकड़ी करीब के एक गांव दम-देब में छिपी थी। मेजर थापा ने स्थिति का सही जायजा लेते हुए बिजली की तेजी से छापा मारने का निश्चय किया तथा गांव से भागने के सभी मार्गों को रोकने के लिए घात-टोलियां बिठाने का आदेश देकर वे स्वयं एक दस्ते के साथ गांव की तलाशी को निकल पड़े।

तलाशी के दौरान एक मुखबिर ने उस झोंपड़ी की तरफ संकेत किया, जहां विरोधी छिपे थे। मेजर थापा ने अपनी सुरक्षा का ध्यान रखे बिना शीघ्रता से झोंपड़ी को घेर लिया तथा अंदर छिपे लोगों को आत्म-समर्पण के लिए बार-बार ललकारा। विरोधियों ने उनकी ललकार की परवाह किए बिना अंधेरे का लाभ उठा कर झोंपड़ी से भाग निकलने का प्रयास किया। स्थिति को भांप कर मेजर थापा उनके पीछे दौड़े तथा कारबाइन से गोलियां चलाईं। मेजर थापा ने 20-30 गज की दूरी से दो विरोधियों को मार गिराया। बाकी गश्ती दल ने भी मेजर थापा का अनुकरण करते हुए भागने वाले राष्ट्रविरोधियों पर गोली चलाई और पांच को मार गिराया। इस संघ-शासित क्षेत्र में हिंसा फैलाने के उद्देश्य से आए मिजो नेशनल फ्रंट के सात विरोधी कुशलता से सम्पन्न इस प्रक्रिया में मार दिए गए।

इस प्रकार मेजर प्रेम बहादुर थापा ने वैयक्तिक साहस, व्यावसायिक कुशलता और सही निर्णय लेने की क्षमता का परिचय दिया।

(17) लेफ्टिनेन्ट कमांडर राजबीर सिंह गिल (01120-डब्ल्यू),
(प्रभावी तारीख 30 जनवरी, 1983)

लेफ्टिनेन्ट कमांडर राजबीर सिंह गिल अंटार्कटिक को जाने वाले दूसरे भारतीय अभियान दल के दो भारतीय नौसैनिक हेलीकाप्टरों के फ्लाइट कमांडर थे। यह एक काफी कठिन और भारी जिम्मेदारी थी क्योंकि यह उड़ान रख-रखाव अथवा खोज और बचाव के किसी प्रकार के बिना सहारे पूर्णतः प्रतिकूल और कठोर परिस्थितियों में भरी जानी थी। अंटार्कटिक में उड़ान भरना भी सदैव एक जोखिमपूर्ण कार्य होता है। ध्रुवों की विशेष परिस्थितियों के कारण, दिशा-निर्देशन और संचार उपस्कर ठीक प्रकार से काम नहीं करते और ठीक प्रकार से दिखाई न देने से उड़ान में बाधा पहुंचती है। अतः अंटार्कटिक में उड़ान भरने वाले पायलट का जीवन सदा संकटापन्न होता है।

इन गंभीर खतरों और बाधाओं के बावजूद इन्होंने भारी उपस्करों, सामान और लोगों को वहां पहुंचाने में सफलतापूर्वक कई उड़ानें भरी और अपनी उड़ान-कौशल का अत्युत्तम परिचय दिया। इस कठिन कार्य को करने के लिए वे स्वयं आगे आए

और अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों में भी नेतृत्व का सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अच्छे उड़ान करने का नैतिक साहस दिखाया।

30 जनवरी, 1983 को उस क्षेत्र में भयंकर तूफान आया और भारतीय दल के कुछ सदस्य दक्षिण गंगोत्री से 100 किलो-मीटर की दूरी पर बिना संचार व्यवस्था और जीवन रक्षा के बहुत कम आवश्यक उपकरणों के असहाय अवस्था में फंस गए थे। इन सदस्यों को बर्फ में जमने से बचाना और उनकी जीवन रक्षा के लिए खाद्य-सामग्री और चिकित्सा सुविधा पहुंचाना बहुत आवश्यक था अपने जीवन की परवाह न करते हुए लेफ्टिनेन्टकमांडर गिल ने बर्फ और धुंध के कारण कुछ भी न दिखाई देने वाले और बर्फ से ढके स्थान पर बड़ी सतर्कता, गति और निश्चय के साथ निश्चित स्थान पर उड़ान भरी। इस प्रकार ये अभियान के तीन सदस्यों को उस स्थान से निकालने में सफल रहे तथा विपदाग्रस्त क्षेत्र में शेष बचे सदस्यों को सुरक्षित पाकर ही वापस लौटे।

इस प्रकार लेफ्टिनेन्ट कमांडर राजबीर सिंह गिल ने अपने जीवन को जोखिम में डालकर असाधारण साहस, पहलशक्ति, कर्त्तव्यपरायणता और उच्चकोटि के उड़ान कौशल का परिचय दिया।

(18) लेफ्टिनेन्ट कमांडर कुलवंत सिंह समरा,
एन एम (0219 डब्ल्यू)
(प्रभावी तारीख 31 जनवरी, 1983)

लेफ्टिनेन्ट कमांडर कुलवंत सिंह समरा अंटार्कटिक के द्वितीय अभियान दल के दो हेलीकाप्टर उड़ाकों में थे। शुरू में ही ये बड़े उत्साह के साथ योजना बनाने और उसे कार्यरूप देने में जुट गए। पहले अभियान दल के बेस कैम्प का पता लगाने में सफलता प्राप्त की। कैम्प 100 किलोमीटर की दूरी पर था और बर्फ से ढके हुए होने तथा दिखाई न देने पर भी इन्होंने उसे ढूंढ लिया। इस सम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि बर्फ के ढेर निरन्तर अपना स्थान व आकार बदलते रहते हैं और इस प्रकार वे सभी चिह्न मिटा देते हैं जिनके आधार पर कार्य को आगे बढ़ाया जा सके।

अंटार्कटिक में अभियान दल के साथ लेफ्टिनेन्ट कमांडर समरा ने लोगों तथा सामान को अंटार्कटिक में पहुंचाने में बड़े उत्साह और उच्चकोटि की कुशलता का परिचय दिया। इन्होंने 1500 पौंड भार के दो "स्नो ट्रैक्टरों" को शानदार ढग से पहुंचा कर प्रकार से उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की क्योंकि चेतक हेलीकाप्टर पर इतना भार ढोने का यह पहला मौका था।

31 जनवरी, 1983 को दिन में एक बजे जबकि दूसरा हेलीकाप्टर काम करने की हालत में नहीं था लेफ्टिनेन्ट कमांडर समरा को बेस कैम्प से 200 किलोमीटर की दूरी पर रख-रखाव कार्मिकों को पहुंचाने के लिए कहा गया। उस समय बिल्कुल दिखाई नहीं दे रहा था। बादलों के बहुत ही नीचे होने तथा वायु के 100 किलोमीटर की गति से चलते होने पर भी इन्होंने इस कार्य को बड़े साहस और उच्चकोटि की व्यावसायिक कुशलता से पूरा किया।

इस प्रकार लेफ्टिनेन्ट कमांडर कुलवंत सिंह समरा ने उत्कृष्ट साहस और उच्चकोटि की व्यावसायिकता का परिचय दिया।

(19) लेफ्टिनेन्ट कमांडर कुलदीप सिंह रंधावा,
एन एम (01189 ए)
(प्रभावी तारीख 4 फरवरी, 1983)

लेफ्टिनेन्ट कमांडर कुलदीप सिंह रंधावा अंटार्कटिक के दूसरे भारतीय अभियान दल में भारतीय नौसेना के पायलट थे। ध्रुवों की विशेष परिस्थितियों के कारण दिशा-निदेशक और संचार उपस्कर ठीक प्रकार से काम नहीं करते और अंटार्कटिक में उड़ान भरना अत्यन्त जोखिमपूर्ण है। मौसम का भी खराब हो जाना, ठीक प्रकार से दिखाई न देना, पूर्णतया नए और विपरीत परिस्थितियों वाले क्षेत्र में सर्द मौसम में उड़ान भरना बहुत कठिन काम है। अत: अंटार्कटिक में उड़ान भरने वाले पायलट का जीवन सदा संकटापन्न होता है।

इन भारी विषमताओं के भय से विचलित न होकर और अपनी निजी सुरक्षा को खतरे में डालकर लेफ्टिनेन्ट कमांडर रंधावा ने इस प्रकार इन गंभीर खतरों से किसी प्रकार घबराए बिना और अपने जीवन को जोखिम में डालकर भारी सामान, खाद्य-सामग्री और अन्य आवश्यक चीजें और वैज्ञानिक दल के सदस्यों को पहुं-चाने के लिए इन्होंने अनेक उड़ानें भरीं। इस कार्य में इन्होंने उत्कृष्ट उड़ान कौशल का परिचय देते हुए साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता दिखाई।

30 जनवरी, 1983 को एक दल बेस कैम्प से 200 किलो-मीटर की दूरी पर हौलथोट पर्वत पर खतरनाक परिस्थितियों में फंस गया। गहरी धुंध थी और हवाएं भी 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही थीं। इन्होंने बड़ी निर्भीकता, कृतसंकल्प होकर आवश्यक खाद्य-सामग्री और अन्य सामान उस स्थान पर पहुंचाया। ऐसे गंभीर संकट में इन्होंने उच्चकोटि का साहस दिखाकर घोर विपत्ति में फंसे लोगों को संकट से उबारा और अगले दिन दल के सदस्यों को वहां से निकाला गया।

फिर 4 फरवरी, 1983 को मौसम खराब होना शुरू हो गया और 100 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवाएं चलने लगीं। हेलीकाप्टर की बैलूनिंग कैनोपी और इंजन का ढक्कन हवा से पाल की तरह चलने लगे और हेलीकाप्टर को डेक-एच की ओर मोड़ दिया। अपने जीवन की परवाह न करते हुए लेफ्टिनेन्ट कमांडर रंधावा, हैलोडेक पर गए और ढक्कन को उखाड़ फैंका। इस प्रकार सेन्टर ब्लेड फिर से ठीक प्रकार से काम करने लगे। इनके साहसपूर्ण और अथक प्रयासों से हैलीकाप्टर को भारी क्षति पहुंचने से बचाया जा सका। हैलीकाप्टरों को किसी प्रकार की क्षति पहुंचने से अभियान दल भारी खतरे में फस जाता।

इस प्रकार लेफ्टिनेन्ट कमांडर कुलदीप सिंह रंधावा ने उत्कृष्ट साहस, उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना असाधारण उड़ान कौशल का परिचय दिया।

(20) लेफ्टिनेन्ट कमांडर राजेश सेठी (01232 जेड)
(प्रभावी तारीख 4 फरवरी, 1983)

लेफ्टिनेन्ट कमांडर राजेश सेठी अंटार्कटिक के दूसरे भारतीय अभियान दल के दो हेलीकाप्टर फ्लाइटों में से एक थे। अंटार्कटिक में उड़ान भरना सदैव ही बहुत ही जोखिमपूर्ण कार्य रहा है। ध्रुवों में विशेष परिस्थितियों के कारण दिशा-निर्देशक और संचार उपस्कर ठीक प्रकार से काम नहीं करते और ठीक प्रकार से दिखाई न देने के कारण भी उड़ान में बाधा पहुंचती है। अत: अंटार्कटिक में उड़ान भरने वाले पायलट का जीवन सदा संकटापन्न होता है।

विषम परिस्थितियों से किसी प्रकार विचलित न होते हुए और अपने जीवन की परवाह न करते हुए लेफ्ट. कमांडर सेठी ने बड़े साहस और दृढ़ निश्चय से सर्वेक्षण, भारी सामान, वैज्ञानिक दल और तकनीशियनों को पहुंचाने के लिए अनेक उड़ानें भरीं।

30 जनवरी, 1983 को जबकि मौसम बड़ी तेजी से खराब हो रहा था, इंजन की खराबी के कारण आई एन 458 हेलीकाप्टर हालेथोट पर्वत की बाहरी श्रेणी में फंस गया। कर्मीदल और यात्रियों को उस स्थान से निकालने के प्रयत्न किए गए थे परन्तु लेफ्टिनेन्ट कमांडर सेठी ने उस खराब हेलीकाप्टर को भीषण तूफान की कृपा पर छोड़कर स्वयं वहां से जाने के लिए इंकार कर दिया। सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित हो जाने पर इन्होंने 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रहे तूफान और शून्य से भी 10 सेन्टीग्रेड कम तापमान में हेलीकाप्टर उड़ाया और हेलीकाप्टर को किसी प्रकार की हानि न हो, इस बारे में सावधानी बरती। हेलीकाप्टर को किसी प्रकार की क्षति पहुंचने से अभियान के लिए गंभीर खतरा हो सकता था।

4 फरवरी, 1983 को मौसम जब पुनः खराब होने लगा तब लेफ्टिनेन्ट कमांडर सेठी हैलीडेक की ओर भागे और 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रहे तूफान में हेलीकाप्टर की सुरक्षा का प्रबन्ध किया। वायुयान की रस्सियां टूट गईं और उसके ब्लेड अनियंत्रित हो कर झूलने लगे। बैलूनिंग कैनोपी और इंजन का ढक्कन हवा में फड़फड़ा रहे थे और हेलीकाप्टर को डेक के किनारे की ओर धकेल रहे थे। अपनी जान की परवाह न करते हुए लेफ्टिनेन्ट कमांडर सेठी ने ढक्कन को हटा कर मुख्य सेन्टर ब्लेड को ठीक करने में सफल रहे और इस प्रकार अन्य प्रयासों में हेलीकाप्टरों को बचा लिया।

इस प्रकार लेफ्टिनेन्ट कमांडर राजेश सेठी ने अपने जीवन को खतरे में डालकर उत्कृष्ट साहस, पहल शक्ति, कर्त्तव्यपरायणता और उच्चकोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

(21) स्क्वाड्रन लीडर राजेन्द्र सिंह टंडन (9432), उड़ान (पायलट)
(प्रभावी तारीख 21 फरवरी, 1983)

स्क्वाड्रन लीडर राजेन्द्र सिंह टंडन (9432) उड़ान (पायलट) उस प्रथम वायु सेना दल के सदस्य थे जिसने 1982-83 में दक्षिण ध्रुव पर द्वितीय भारतीय वैज्ञानिक अभियान में भाग लिया।

इन्होंने पोत से अभियान के समस्त साज-सामान को उतारने की जिम्मेदारी स्वेच्छा से सम्भाली। उन्होंने सामान उतरवाने का ऐसा प्रबन्ध किया कि 40 टन सामान को कम से कम समय में उतारा जा सके और इसके लिए इन्होंने 24 घंटे से भी अधिक समय तक लगातार अथक कार्य किया। इन्होंने बेस कैम्प में विभिन्न प्रशासकीय कार्यों का सार्थकता, कुशलता तथा दायित्व की उत्कृष्ट भावना के साथ प्रबंध किया और उन्हें सम्पन्न किया।

''स्कीवे'' बनाने के लिए उपयुक्त स्थान की खोज में वे शून्य से भी कम तापमान में पैदल या खुले स्नो-स्कूटर पर कई बार प्रारम्भिक सर्वेक्षण के लिए टोह पर गए। इसके लिए वे खतरनाक अदृश्य दरारों और कोटरों से भरे बीहड़ क्षेत्र से होकर गुजरे और उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की रत्ती भर परवाह नहीं की। इनके साहस, सर्मपण तथा उत्साह के बल पर नितान्त अपरिचित पर्यावरण तथा कठोर मौसमी हालात में दस दिन की अल्पावधि में ही कार्यों को सम्पन्न करने में बहुत बड़ी सहायता मिली।

18 फरवरी, 1983 की रात में बेस कैम्प पर एक भयानक बर्फानी तूफान का थपेड़ा पड़ा जो दो दिन तक चलता रहा। क्षतिग्रस्त कैम्प में अभियान के चार सदस्य फंसे पड़े रहे और बेस कैम्प तबाह हो गया और बहुत सा वैज्ञानिक और दूसरा साज-सामान या तो तूफान में उड़ गया या खराब हो गया।

21 फरवरी, 1983 को भोर में चार बजे पोत से एक बचाव मिशन भेजा गया। स्क्वाड्रन लीडर आर. एस. टंडन ने स्वेच्छा से इस बचाव मिशन का काम हाथ में ले लिया। पोत का अग्र भाग केवल बहुत थोड़े समय के लिए ही बर्फीली कगार से जोड़ा जा सका। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए तथा अत्यन्त उच्चकोटि की बहादुरी का परिचय देते हुए स्क्वाड्रन लीडर टंडन जहाज पर से बर्फीली कगार पर कूद पड़े और पैदल ही बेस कैम्प की ओर चल पड़े जहां इन्होंने फंसे हुए सदस्यों को उबारा और उनके द्वारा एकत्रित बहुमूल्य आंकड़े और अधिकांश वैज्ञानिक उपकरण भी वे बचाकर निकाल लाए।

इस प्रकार स्क्वाड्रन लीडर राजेन्द्र सिंह टंडन ने साहस तथा त्यागपूर्ण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

(22) कैप्टन गोपी लाल पनेरी (आई. सी. 27071), ग्रेनेडियर
(प्रभावी तारीख 22 फरवरी, 1983)

कैप्टन गोपी लाल पनेरी 6 ग्रेनेडियर की एक कम्पनी के सेकन्ड इन-कमांड के रूप में कार्यरत थे। इन्हें पूर्वी मणिपुर जिले के राष्ट्रविरोधियों के विरूद्ध कार्रवाई करने का कार्य सौंपा गया था। इन्होंने थोड़ी-सी सूझ-बूझ और कार्यकुशलता से ही उस क्षेत्र के तनखुल नागाओं के दिलों को जीत लिया। अपेक्षित सूचना प्राप्त करने के साथ-साथ, उन्होंने नागरिकों के बीच भी काफी कार्यक्रम चलाए। उनके इस उत्तम कार्य की वजह से सेना को सभी क्षेत्रों से सम्मान और आदर प्राप्त हुआ।

22 फरवरी, 1983 के दिन कैप्टन गोपी लाल पनेरी को ''प्रिपाक'' पार्टी के एक उग्रवादी को पकड़ने का कार्य सौंपा गया ऐसा विश्वास था कि इस उग्रवादी के पास काफी मात्रा में शस्त्र एवं गोला-बारूद थे, इसलिए काफी दिनों से सुरक्षा बल इसकी खोज में था। कैप्टन गोपी लाल पनेरी ने तुरन्त एक योजना बनाई, अपने आदमियों को उस बारे में बताया और अपने दल को लेकर इथापी उपोकमी गांव की ओर बढ़ गए। उग्रवादी के घर को बहुत प्रभावशाली ढंग से घेर लिया गया। सुरक्षा बल की उपस्थिति का अनुमान होते ही उग्रवादियों ने अंधेरे में वहां से भागने की कोशिश की लेकिन कैप्टन गोपी लाल पनेरी सतर्क थे। उन्हें उग्रवादियों की हरकतों का आभास हो गया। उन्होंने अपने आदमियों को उस दिशा में टार्च की लाइट डालने के आदेश दिए और खुद घने कटीले क्षेत्र में भागने वाले उग्रवादियों का 500 मीटर दूरी से पीछा करने लगे और आखिरकार एक को कब्जे में लेने में सफल हो गए। बाद में वह उग्रवादी उनके दल को उस स्थान पर ले गया जहां एक पिस्तौल छिपाई गई थी। कैप्टन गोपी लाल पनेरी द्वारा उस उग्रवादी से पूछताछ करने पर दो अन्य सशस्त्र उग्रवादियों का पता चला जो फरार थे। उस क्षेत्र में सैनिकों की उपस्थिति और फरार हुए उग्रवादियों के परिवार से पूछताछ किए जाने के कारण उन उग्रवादियों ने मणिपुर राज्य के मुख्यमंत्री के समक्ष बिना किसी शर्त आत्म-सर्मपण कर दिया।

इस प्रकार कैप्टन गोपी लाल पनेरी ने साहस, उच्च-व्यावसायिकता और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

(23) जे सी 112774 नायब सूबेदार राजेन्द्र सिंह, गढ़वाल राइफल्स
(प्रभावी तारीख 1 मार्च, 1983)

दक्षिण मिजोरम के जगनासूरी क्षेत्र में विरोधियों को पकड़ने के लिए 28 फरवरी, 1983 को एक कार्रवाई की गई। उपर्युक्त

कार्रवाई कुछ अपुष्ट रिपोर्ट के आधार पर की गई थी और इस क्षेत्र में पांच विशेष गश्ती टुकड़ियां भेजी गई। इनमें से एक टुकडी का नेतृत्व नायब सूबेदार राजेन्द्र सिंह ने किया। 26 और 27 फरवरी, 1983 को संदिग्ध क्षेत्रों में लगातार छानबीन की गई और छापे मारे गए लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला इसके बावजूद गश्ती टुकड़ियां इस क्षेत्र के दूसरे इलाकों में छानबीन करती रहीं।

1 मार्च, 1983 को करीब 05.00 बजे जगनासूरी की चौकी के कमांडर को किसी तरह यह खबर मिली कि इस जंगल के एक खास इलाके में तीन भूमिगत सैनिकों का एक गिरोह मौजूद था। उस समय सभी गश्ती टुकडियां इस क्षेत्र से दूर गश्त कर रही थीं और समय था ही नहीं। अतः चौकी कमांडर ने विशेष गश्ती टुकडी का नेतृत्व कर रहे नायब सूबेदार राजेन्द्र सिंह को इस क्षेत्र की छानबीन करने का आदेश दिया। इस क्षेत्र के बारे में अच्छी जानकारी होने से नायब सूबेदार राजेन्द्र सिंह निश्चित क्षेत्र की ओर बड़ी तेजी से बढ़े और निर्धारित समय से काफी पहले ही सुबह 6.30 बजे वहां पहुंच गए और संगठित छानबीन शुरू कर दी। जिस समय यह कार्रवाई चल रही थी तभी करीब 7.00 बजे नायब सूबेदार राजेन्द्र सिंह को लगभग 250-300 गज की दूरी पर दो भूमिगत विरोधी भागते हुए दिखाई पड़े जो चोटी के पीछे छिपने जा रहे थे। इनमें से एक भूमिगत विरोधी के पास एक राइफल थी। इस गिरोह ने एकदम फायरिंग शुरू कर दी मगर ऊंची-नीची जमीन और घनी झाडियां होने से कारगर नहीं हो पाई। नायब सूबेदार राजेन्द्र सिंह ने भागते हुए विरोधियों का पीछा करने का तत्काल निर्णय किया। इन्होंने बहुत जल्दी कार्रवाई करने की योजना बनायी और चोटी के दोनों तरफ छानबीन करने के लिए गश्ती टुकडी को दो दलों में बांट दिया। विरोधियों के बच निकलने के रास्ते को रोकने के लिए गश्ती टुकडी ने चोटी के दोनों तरफ आटोमेटिक राइफलों से गोली चलाना शुरू कर दी और हथगोले फेंके।

जंगल घना था और विरोधी का पीछा करते हुए नायब सूबेदार राजेन्द्र सिंह का घुटना भी एक बांस की ठूंठ से जख्मी हो चुका था फिर भी वे अपनी परवाह किए बगैर भूमिगत विरोधियों का लगातार पीछा करते गए और उनमें से एक को, उसके गोली चलाने से पहले ही दबोच लिया। उसके साथ मुठभेड में नायब सूबेदार राजेन्द्र सिंह ने, जो कमांडो इन्स्ट्रक्टर भी रह चुके थे, अपना कौशल दिखाया, उस पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया तथा उसे बेहथियार कर दिया। इस तरह नायब सूबेदार राजेन्द्र सिंह ने अपनी जान की परवाह किए बिना साहसिक हाथापाई करके एक विरोधी को पकड़ा और उसके साथ एक चीनी राइफल और 74 गोलियां बरामद कीं।

इस प्रकार नायब सूबेदार राजेन्द्र सिंह ने साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

(मरणोपरान्त)

(24) 584330-राइफल मैन परसु छेत्री,
गोरखा राइफल ।
(प्रभावी तारीख 6 मार्च, 1983)

6 मार्च, 1983 को राजस्थान में किसी स्थान पर सैनिक अभ्यास के दौरान एक 3 टन गाडी में आग लग गई थी। उसमें इफेंट्री ब्रिगेड हेडक्वाटर कैम्प के पेट्रोल के कैरल भरे हुए थे। आग काबू से बाहर होने के बावजूद राइफलमैन परसु छेत्री अपनी जान की परवाह किए बिना गाडी में चढ गए और कैरलों को बाहर फेंक कर आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। अभी 8-10 कैरल बाहर फेंके पाए थे कि एक कैरल फट गया और राइफलमैन परसु छेत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। लेकिन आग को बढ़ने से रोक कर वे एक मोटर-साइकिल, चार हथियार और उस 3 टन गाडी को बचा लेने में सफल हो गए। राइफलमैन परसु छेत्री का शरीर 70% जल गया था और 11 मार्च, 1983 को दिल्ली छावनी के सैनिक अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार राइफलमैन परसु छेत्री ने अपनी जान की बाजी लगाकर वीरता का परिचय दिया ।

(25) मेजर गणेश काले (आई सी-25314),
मराठा लाइट इफैंट्री ।
मराठा लाइट इंफैंट्री ।

2 मराठा लाइट इंफैंट्री, थोबाल (मणिपुर) में सी. कम्पनी कमांडर मेजर गणेश काले ने एक गुप्त सूचना के आधार पर 9 दिन तक रात-दिन व्यापक खोजबीन करने के बाद 25/26 मार्च, 1983 को उग्रवादी संगठन अर्थात पीपुल्स लिबरेशन आर्मी तथा "प्रीपाक" के दो सक्रिय सदस्यों को पकड़ लिया। इन दोनों सक्रिय सदस्यों से मालूम की गई सूचना के आधार पर मेजर काले ने 26 मार्च, 1983 को निमई सिंह जहां छिपा था उस इलाके की घेरा-बंदी कर दी और मकान की तलाशी लेनी शुरू कर दी । तलाशी के समय जैसे ही इन्होंने एक कमरे का दरवाजा खोला एक आदमी ने लम्बे चाकू से इन पर हमला कर दिया। बड़ी फुर्ती से उसके वार को बचाकर इन्होंने अपनी 9 मि. मी. ब्राउनिंग पिस्तोल के कुंदे से आक्रमणकारी पर जोर का वार किया और फिर झडप में उस पर काबू पा लिया । इस व्यक्ति से की गई पूछताछ से पता चला कि वह "प्रीपाक" संगठन का प्रमुख सदस्य था और उस संगठन के चोटी के नेताओं का पक्का सहयोगी होने के साथ-साथ इस भूमिगत संगठन में वित्त मंत्री के रूप में काम करता था ।

इस प्रकार मेजर गणेश काले ने इन उग्रवादियों को पकड़ने में बडी सूझबूझ, कर्त्तव्यपरायणता और वीरता का परिचय दिया।

(26) मेजर मोहनन पापिनी वीटिल (आई सी-23177),
मद्रास ।
(प्रभावी तारीख 12 अप्रैल 1983)

मेजर मोहनन पापिनी वीटिल 28 मद्रास रेजिमेंट में सैकिंड-इन-कमान थे जिसे फरवरी, 1981 में नागालैंड के मोन जिले में तैनात किया गया था। छुपे विरोधियों के आन्दोलन के लिए सबसे अधिक संख्या में लोग इसी क्षेत्र के थे और यहां के रहने वाले सुरक्षा-बल के खूंखार विरोधी थे। वे सरकार की कार्रवाईयों के खिलाफ विरोधियों की खुलेआम मदद कर रहे थे।

मेजर मोहनन को उनके कमान अफसर से यह निदेश मिला कि वे जनसाधारण को सुरक्षा बल की ईमानदारी से अवगत करायें और उन्हें विश्वास दिलायें कि सुरक्षा बल वास्तव में स्थानीय लोगों की सहायता करने आया है, साथ ही यह भी कि वे वहां पर एक कारगर आसूचना व्यवस्था कायम करें।

मेजर मोहनन बड़े उत्साह, निष्ठा और अपरिमित धैर्य के साथ इस कार्य में जुड गए। वे निडर होकर गांव-गांव और घर-घर जाकर हरेक आदमी से मिलते, उनसे विनय-पूर्वक बातचीत करते और उनका विश्वास जीतते। वे ज्यादातर अकेले और निहत्थे पूरी वर्दी में उनके पास जाते। इससे वहां के स्थानीय लोगों में भी उनके प्रति विश्वास की भावना जागने लगी जो अब तक सुरक्षा बल के कट्टर विरोधी थे। उन लोगों ने इन्हें अपना मान लिया

इसके साथ ही, इन्होंने उन लोगों के बीच बड़ी सूझबूझ से ऐसा छिपा प्रचार किया और उन्हें समझाया कि विरोधियों की सहायता करना और उनसे सम्बन्ध बनाये रखना बिल्कुल फायदे की बात नहीं है, साथ ही उनसे भारतीय लोगों के साथ मिल कर रहने का आग्रह किया। इस तरह इन्होंने ने एक खुफिया जाल सा बुन लिया जिससे बहुत फायदे पहुंचे।

12 अप्रैल, 1983 को मेजर मोहनन द्वारा विश्वास में लिए गए लोगों में से किसी ने यह सूचना दी कि कुछ छिपे हुए विरोधी घुसपैठ कर के निकलने के इरादे से शेंधा-तंगतैन की ओर बढ़े रहे थे। तत्काल उन लोगों को पकडने के लिए विशेष कार्रवाई शुरू कर दी गई। मोर्चे से कार्रवाई करने वाले कालम का संचालन मेजर मोहनन कर रहा थे। जिस समय वे शेंधा-तंगतैन-शेंथा-चिंगयु की पगडंडी पर आगे बढ़ रहे थे तो इन की नजर उन छुपे विरोधियों पर पड़ी इन्होंने तत्काल अपने कालम की और आई सी-31505 कैप्टन सुब्रतो मित्र के कालम को वहां पहुंचने और उन्हें जिंदा पकड़ लेने का आदेश दिया ।

इस कालम को देखते ही छिपे विरोधी छोटे-छोटे दलों में भाग निकले और घने जगल में जा छिपे। मेजर मोहनन घने जंगल के बीच के बचकर भाग निकलने वाले उन विरोधियों के पीछे भागे। एक लम्बा घेरा डालकर उनका रास्ता रोक लिया स्वयं अपनी जान की बाजी लगाकर उन भाग निकलने वाले तीन विरोधियों को पकड़ने और उनसे पूछताछ करने से बाद में और साहसिक कार्रवाई से उनके जवानों ने प्रेरणा ली, विरोधियों का पीछा किया और भागते हुए विरोधियों को भी पकड़ लिया। मेजर मोहनन द्वारा परिस्थिति का बुद्धिपूर्वक जायजा लेने और विरोधियों की अपने जवानों से घिरवा लेने से ही सभी 11 छुपे विरोधियों को जीवित पकड़ना संभव हो सका। इन छुपे विरोधियों को पकड़ने और उनसे पूछताछ करने से बाद में और भी बहुत सारे छुपे विरोधियों को पकड़ने में बड़ी मदद मिली ।

इस प्रकार मेजर मोहनन पापिनी वीटिल ने साहस और उच्च-कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

(27) जी/21578 मेट किशन लाल,

(प्रभावी तारीख 19 अप्रैल, 1983)

19 अप्रैल, 1983 को ऋषिकेश-उत्तरकाशी-हरसील सडक पर एक डोजर हटाया जा रहा था। 166.150 किलो मीटर पर अनगढ़े पत्थरों की चिनी हुई पुश्ता दीवार अचानक गिर गई जिसके फलस्वरूप इस डोजर का नदी-घाटी में उल्ट जाने का खतरा पैदा हो गया ।

जी/21578 मेट किशन लाल, कमीदल के साथ इस डोजर के साथ रहा तथा डोजर को बचाने के लिए इन्होंने बड़ी सूझबूझ तथा अदम्य साहस का परिचय दिया। ये डोजर के नीचे घुस गए और इन्होंने पत्थरों को पुनः इस ढग से लगाया जिससे डोजर तब तक खड़ा रह सके जब तक आपरेटर डोजर पर नियंत्रण नहीं पा लेता और उसे सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुंचा लेता।

इस प्रकार मेट किशन लाल ने डोजर और उसके चालक को बचाने में बहुत साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

(28) स्क्वाड्रन लीडर कृष्ण प्रताप नारायण सिंह (11023), उड़ान (पायलट)

(प्रभावी तारीख 5 जून, 1983)

5 जून, 1983 को हिमाचल प्रदेश के दंदाचेन शिखर के निकट भयंकर बर्फानी तूफान के कारण संकट में पडे एक एन सी सी अभियान दल में स्क्वाड्रन लीडर कृष्ण प्रताप नारायण सिंह (11023) उड़ान (पायलट) को बचाव मिशन पर भेजा गया और 17,500 फुट की ऊंचाई पर बर्फ से ढके खड़ी ढाल वाले चट्टानी क्षेत्र में इन्होंने कैडेट शंकर ठाकुरी तथा नायक मुहम्मद शफी को ढूंढ निकाला। अत्यधिक सावधानी बरतते हुए तथा उल्लेखनीय उड़ान-कौशल और साहस का परिचय देते हुए 45 नाट की गति से चल रही तीव्र तिरछी हवाओं के बीच एक छोटे से चपटे स्थान पर वे हेलीकाप्टर को उतारने में सफल हुए और इस प्रकार उन्होंने घायल शंकर ठाकुरी को बचा लिया। 17,500 फुट की ऊंचाई पर अत्यंत प्रतिकूल मौसम में ऊबड़-खाबड़ भूमि पर हैलीकाप्टर को उतारने के स्क्वाड्रन लीडर के. पी. एन. सिंह के निर्णय के फलस्वरूप एक बहुमूल्य जान बच गई और अभियान दल के अन्य सदस्यों का मनोबल भी बढ़ गया।

इस प्रकार स्क्वाड्रन लीडर कृष्ण प्रताप नारायण सिंह ने कर्त्तव्य की आवश्यकता से भी आगे जाकर असाधारण व्यावसायिकता, समर्पण तथा उच्चकोटि के साहस का परिचय दिया ।

(29) स्क्वाड्रन लीडर बोमेनवल्ली नारायणप्पा रामचन्द्र (10920), उड़ान (पायलट) ।

(प्रभावी तारीख 13 अगस्त, 1983)

आंध्र प्रदेश में बाढ़-राहत कार्य के लिये एम, आई.-8 हैलीकाप्टर भेजे गए थे। स्क्वाड्रन लीडर बोमेनवल्ली नारायणप्पा रामचन्द्र (10920) उड़ान (पायलट) इनमें से एक हैलीकाप्टर के कैप्टन थे। 13 अगस्त, 1983 को रामागुंडम गांव में बाढ़ के कारण 17 व्यक्ति एक झोंपड़ी में फस गए थे जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे।

जिलाधीश, करीमगंज से संदेश प्राप्त होते ही स्क्वाड्रन लीडर रामचन्द्र अपने दल सहित हैलीकाप्टर से घटनास्थल पर पहुंचे। बाढ़ के पानी में घिरी झोंपड़ी को देखते ही इन्होंने विंचिंग आपरेशन शुरू कर दिया। लेकिन बाढ़ के प्रकोप और जिस तेजी से पानी चढ़ रहा था उसे देखते ही इन्होंने अंदाज लगा लिया कि विंच द्वारा एक-एक व्यक्ति को हैलीकाप्टर में चढ़ाने में बहुत समय लगेगा जिससे सभी 17 व्यक्तियों की जान बचाना सम्भव नहीं हो पाएगा। इसलिए इन्होंने फैसला किया कि विंचिंग आपरेशन बन्द किया जाए और हैलीकाप्टर को नीचे उतारने का प्रयास किया जाए जिससे सभी को वहां बचाया जा सकेगा ।

हैलीकाप्टर नीचे उतारने की जो थोड़ी-बहुत जगह थी उसमें बाढ़ से घिरे वहीं लोग खड़े थे इसलिए वहां नीचे उतरना संभव नहीं था। अतः इन्होंने हैलीकाप्टर को नीचे लाकर इस तरह होवर किया कि उसका दरवाजा झोंपड़ी के एकदम पास आ गया। इन्होंने फ्लाइट गनर को विंच के सहारे झोंपड़ी की छत पर कूदने का आदेश दिया और गनर ने विंच केबल को एक तगड़े आदमी की कमर से बांध कर उसकी सहायता से औरतों और बच्चों को हैलीकाप्टर में चढ़ा दिया। इस तरह उन सभी 17 व्यक्तियों को बचा लिया गया ।

इस प्रकार इस सारी कार्रवाई के दौरान स्क्वाड्रन लीडर बोमेनवल्ली नारायणप्पा रामचन्द्र ने उच्चकोटि की व्यावसायिक कुशलता, साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

(30) 209669-मास्टर वारन्ट अफसर सुभाष चन्द्र सेन, फ्लाइट गनर,

(प्रभावी तारीख 13 अगस्त, 1983)

फ्लाइट गनर मास्टर वारंट अफसर सुभाष चन्द्र सेन को 13 अगस्त, 1983 को फ्लाइट गनर के रूप में एक मिशन पर भेजा गया जिसका नेतृत्व स्क्वाड्रन लीडर रामचन्द्र कर रहे थे और

जिसने गोदावरी नदी की उफनती हुई बाढ़ में घिरी एक झोंपडी से 17 असहाय लोगों की जानें बचाईं।

विंचिंग आपरेशन के दौरान मास्टर वारट अफसर एस सी. सेन ने देखा कि गांव वाले बेल्ट की सहायता से हैलिकाप्टर में चढ़ नहीं पा रहे थे। तब विंचिंग आपरेशन जारी रखते हुए इन्होंने हाथ के इशारे करके और चिल्ला-चिल्ला कर उन्हें विंच बेल्ट बांधना बताने की कोशिश की।

लेकिन समय की कमी के कारण स्क्वाड्रन लीडर रामचन्द्र ने विंच से काम करना बंद कर दिया और हैलिकाप्टर को झोंपडी के एकदम पास ले आए। इसके बाद मास्टर वारट अफसर सेन से कहा गया कि विंच केबल के सहारे से झोंपड़ी पर उतरें। ये बिना हिचकिचाहट के झोंपडी की छत पर कूदे और विंच केबल को एक तगड़े से आदमी की कमर में बांध कर औरतों और बच्चों को हैलिकाप्टर में चढाने में सहायता दी। इस तरह उन सभी 17 व्यक्तियों को बचा लिया गया।

इस प्रकार मास्टर वारट अफसर सुभाष चन्द्र सेन ने साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

सं. 26-प्रेज/84—राष्ट्रपति हरियाणा पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री लक्ष्मण दास,
कमाण्डेन्ट,
एच. ए. पी. टुकड़ी,
दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल)।
(वर्तमान में उप पुलिस महानिरीक्षक, हरियाणा)

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

हरियाणा शस्त्र पुलिस बटालियन के कमाण्डेन्ट के रूप में श्री लक्ष्मण दास को दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) में तैनात किया गया था। 19 अगस्त, 1970, को सायं लगभग 6.15 बजे को जब दुर्गापुर में उप-मंडल अधिकारी और उप मंडल पुलिस अधिकारी कानून और व्यवस्था की ड्यूटी करके एक पुलिस दल के साथ वापस जा रहे थे तो कुछ बदमाशों ने, जो संख्या में 30 थे, उन पर बमों और अन्य घातक हथियारों से हमला किया। उप-मंडल अधिकारी के आदेश से पुलिस ने गोलियां चलायीं और उप मडल पुलिस अधिकारी और पुलिस दल ने भागते हुए बदमाशों का पीछा किया। श्री लक्ष्मण दास, जो दुर्गापुर में तैनात हरियाणा शस्त्र पुलिस टुकड़ी के कमाण्डेन्ट थे, बम विस्फोटों की खबर सुनने पर अपने घर से बाहर आए। उन्होंने सशस्त्र बदमाशों का पीछा किया और पूरी तरह यह जानते हुए कि बदमाशों के पास बम थे, अपने जीवन को गम्भीर खतरे में डालकर उनमें से दो को पकड लिया।

अपराधियों को पकडने के अपने प्रयास में श्री लक्ष्मण दास ने उत्कृष्ट वीरता और उच्चकोटि के साहस का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 19 अगस्त, 1970, से दिया जाएगा।

सु. नीलकण्ठन
राष्ट्रपति का उप सचिव

योजना मंत्रालय

साख्यिकी विभाग

नई दिल्ली, दिनाक 3 फरवरी 1984

सं० एम० 13016/3/81-समन्वय—इस विभाग के दिनांक 29-8-1981 की अधिसूचना संख्या एम०-13016/3/81—समन्वय द्वारा गठित अन्तर्राष्ट्रीय तुलना सम्बन्धी विशेषज्ञ समिति का पुनगर्ठन किया गया है जिसकी संरचना निम्नलिखित है :—

1.	डा० ए० के० घोष, उपाध्यक्ष राज्य योजना बोर्ड पश्चिम बंगाल सरकार 6 कामक स्ट्रीट, कलकत्ता-700017	अध्यक्ष
2.	प्रो० एम० मुकर्जी, अवैतनिक प्राध्यापक भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, 9-जी, गोविन्दपुर रोड, कलकत्ता-700045	सदस्य
3.	प्रो० के० एल० कृष्णा, संकाय अध्यक्ष एवं निदेशक, दिल्ली स्कूल आफ एकोनामिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007	सदस्य
5.	महा निदेशक, केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली।	सदस्य
5.	सलाहकार (भावी योजना प्रभाग), योजना आयोग, योजना भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली	सदस्य
6	डा० ए० बागेही, विशेष कार्य अधिकारी, आर्थिक कार्य विभाग, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली।	सदस्य
7	डा० पी० के० पाणि, आर्थिक विश्लेषण एव नीति विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, न्यू सेंट्रल आफिस बिल्डिग, पोस्ट बाक्स न० 103, बम्बई-400023	सदस्य
8	अपर निदेशक, राष्ट्रीय लेखा प्रभाग, केंद्रीय साख्यिकीय संगठन, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली।	सदस्य-सचिव

2 समिति के कार्य निम्नलिखित होंगे :—

(1) अन्तर्राष्ट्रीय तुलना परियोजना मे सयुक्त राष्ट्र साख्यिकीय कार्यालय द्वारा अपनाई गई प्रणालियो एव कार्यविधियो की समीक्षा करना तथा उनके बारे मे संभाव्य सुधारो के सम्बन्ध मे सलाह देना, और

(2) अन्तर्राष्ट्रीय तुलना परियोजना मे विभिन्न प्रावस्थाओ से सम्बद्ध तकनीकी मामलो मे मार्ग दर्शन देना ।

3 समिति की बैठको मे शामिल होने के गैर-सरकारी अधिकारियो के यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता सबंधी व्यय सामान्य नियमो के अनुसार साख्यिकी विभाग द्वारा वहन किया जाएगा । समिति का सचिवालयीय सहायता केंद्रीय सांख्यिकीय सगठन, साख्यिकी विभाग द्वारा प्रदान की जाएंगी ।

4 विशेषज्ञ समिति कार्य तब तक जारी रहेगा जब तक भारत अन्तर्राष्ट्रीय तुलना परियोजना मे भाग लेगा ।

आर० एम० सुन्दरम, अवर सचिव

गृह मत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 27 फरवरी 1984

सं० यू० 13019/7/83 ए० एन० एल०—चेतलत द्वीपसमूह के श्री एम० एम० सैयद इस्माइल कोया इस अधिसूचना के जारी होने तक की तारीख से, लक्षद्वीप के प्रशासक से संबद्ध सलाहकार समिति के, जिसका गठन 1983–84 के लिए किया गया था, सदस्य नही रहेगे ।

श्रीमति उमा पिल्लै, निदेशक

कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 24 मार्च, 1984

नियम

सं० 10/2/84–के० से०–ii—कर्मचारी चयन आयोग, (गृह मंत्रालय) कार्मिक और शासनिक सुधार विभाग, नई दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड "घ" में अस्थायी रिक्तियो को भरने के लिए वर्ष 1984 के दौरान प्रत्येक दो महीने मे एक बार एक महीने के द्वितीय शनिवार तथा रविवार और यदि आवश्यक हुआ तो उसके बाद पड़ने वाली छुट्टी/रविवार को ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के लिए नियम जन साधारण को सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते है ।

2. केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के परीक्षा के परिणामो के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियो की सख्या का निर्धारण सरकार द्वारा समय-समय पर किया जाएगा और कर्मचारी चयन आयोग को इसकी सूचना आयोग द्वारा परीक्षाओ परिणाम घोषित किए जाने से पहले दे दी जायेगी । प्रत्येक परीक्षा के लिए रिक्तियो की सख्या लगभग 50 होगी । भारत सरकार द्वारा यथा निर्धारित रिक्तियो के संबध मे भूतपूर्व सैनिको, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियो के उम्मीदवारो तथा शारीरिक रूप से विकलाग व्यक्तियों के लिए आरक्षण किए जायेगे ।

(1) भूतपूर्व सैनिक मे ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसने संघ की सशस्त्र सेनाओं मे, जिनके अन्तर्गत भूतपूर्व भारतीय रियायतो की सशस्त्र सेनाये भी शामिल है, किन्तु जिनके अन्तर्गत आसाम राइफल्स, सेना सुरक्षा कोर जनरल रिजर्व इजीनियरी बल, लोक सहायक सेना और प्रादेशिक सेना नही आते, शपथ ग्रहण के पश्चात कम से कम छह मास की निरन्तर अवधि तक किसी रैंक मे (चाहे योद्धा के रूप मे या गैर-योद्धा के रूप मे) सेवा की है, और

(क) जिसे उसके अपने अनुरोध पर या कदाचार अथवा दक्षता के कारण पदच्युति या बर्खास्तगी के कारण के अलावा अन्य किसी रूप मे निर्मुक्त कर दिया गया है, अथवा ऐसी निर्मुक्ति तक लिए रिजर्व को स्थानान्तरित कर दिया गया है, या

(ख) जिसे यथा पूर्वोक्त निर्मुक्त या रिजर्व को स्थानान्तरित किए जाने के लिए हकदार बनने के लिए अपेक्षित सेवा की अवधि पूरी करने के लिए अधिक से अधिक छह मास सेवा करनी है; या

(ग) जिसे संघ की सशस्त्र सेनाओं में पाच वर्ष की सेवा पूरी कर लेने के पश्चात उसके अपने ही अनुरोध पर निर्मुक्त कर दिया गया है ।

(2) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति से ऐसे शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति (शरीर के निचले अंग) अभिप्रेत है जिन्हे शारीरिक दोष हो अथवा अग-विकृति हो जिससे कार्य करने मे हड्डी, पेशियो तथा जोड़ो मे सामान्य रूप से बाधा पैदा होती हो और जो व्यक्ति आशिक रूप से बहरे हो ।

परीक्षा में बैठने वाले शारीरिक रूप से विकलागो तथा अन्य वर्ग के व्यक्तियो को सहायक लेने की अनुमति नही दी जायेगी ।

(3) संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जन जाति), आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951, संविधान (अनुसूचित जन जाति) सघ राज्य क्षेत्र आदेश, 1951, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति (सूचिया) (संशोधन) आदेश 1956; बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960; पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970 तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति (सशोधन) अधिनियम 1976 द्वारा यथा सशोधित संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956, संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1959; अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति आदेश (सशोधन) अधिनियम 1976 द्वारा यथा सशोधित, सविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962 सविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जन जाति आदेश 1962, सविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, सविधान अनुसूचित जन जाति (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, सविधान (गोआ, दमन और दीव) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1968 तथा सविधान (नागालैण्ड) अनुसूचित जन जातिया आदेश, 1970, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति आदेश (संशोधन) अधिनियम,

1976, संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978 तथा संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1978.

3. कर्मचारी चयन आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट-1 में निर्धारित ढंग से ली जाएगी। प्रदेश के प्रयोजन के लिए उन्हें अपने आवेदन पत्र परिशिष्ट–ii में दिए गए प्रपत्र के अनुसार सादे कागज पर भेजने होंगे। इन आवेदन पत्रों को संबंधित मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा संवीक्षा के बाद परीक्षा लिए जाने वाले महीने के पूर्ववर्ती महीने की अधिक से अधिक 1 तारीख तक कर्मचारी चयन आयोग को अग्रेषित कर दिया जाएगा।

4. नियमित रूप से नियुक्त केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा का कोई भी स्थायी या अस्थायी अवर श्रेणी/उच्च श्रेणी लिपिक इस परीक्षा में बैठने तथा उन रिक्तियों के लिए प्रतियोगिता करने का पात्र होगा।

4 (1) सेवाकाल : उसने "निर्णायक तारीख" को (जैसा कि केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा समूह "घ") प्रतियोगिता परीक्षा (विनियम, 1969 के विनियम 2 (क) में परिभाषित है] केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड अथवा उच्च श्रेणी ग्रेड में कम से कम 2 वर्षों की अनुमोदित और लगातार सेवा पूर्ण कर ली हो।

टिप्पणी :—2 केन्द्रीय सचिवालय सेवा की अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड या उच्च श्रेणी के वे अधिकारी जो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नि:संवर्ग पदों में प्रतिनियुक्ति पर हैं, यदि अन्यथा पात्र हों तो इस परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। यह शर्त उस अधिकारी पर भी लागू होती है जो स्थानान्तरण पर किसी नि:संवर्ग पद पर या किसी अन्य सेवा में नियुक्त किया गया है और यदि उस अधिकारी का केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड या उच्च श्रेणी ग्रेड में फिलहाल कोई पूर्व ग्रहणाधिकार चलता जा रहा हो।

टिप्पणी :—3 अवर श्रेणी या उच्च श्रेणी ग्रेड में नियमित रूप में नियुक्त अधिकारी का अर्थ उस अधिकारी से है जो केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा नियम 1962 के आरम्भ में केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के किसी संवर्ग में आबंटन हो या उसके पश्चात् उस सेवा की अवर श्रेणी ग्रेड या उच्च ग्रेड में दीर्घकालीन आधार पर जैसी भी स्थिति हो, निर्धारित कार्य पद्धति के अनुसार नियुक्त हों।

(2) आयु : इस परीक्षा के लिए किसी उम्मीदवार की आयु "निर्णायक तारीख" को (जैसा कि केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा समूह "घ") (प्रतियोगिता परीक्षा विनियम, 1969 के नियम 2 (ख) में परिभाषित है) 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(3) उन भूतपूर्व सैनिकों के मामलों में जिन्होंने संघ की सशस्त्र सेना में सत्यापन के बाद कम से कम छः महीने की निरन्तर सेवा की हो, सशस्त्र सेना उनकी कुल सेवा में तीन वर्ष की वृद्धि तक ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी। इस आयु छूट के अधीन परीक्षा में प्रवेश पाने वाले उम्मीदवार भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित अथवा अनारक्षित सभी रिक्तियों के लिए प्रतियोगी होने के हकदार होंगे।

टिप्पणी :—उपरोक्त नियम 3 के प्रयोजन के लिए कि भूतपूर्व कर्मचारी की सशस्त्र सेना में आवाह्न पर सेवा ("काल आफ सर्विस") की अवधि भी सशस्त्र सेना में की गई सेवा के रूप में समझी जाएगी।

5. ऊपर बताई गई अधिकतम सीमा में निम्नलिखित मामलों में और ढील दी जा सकेगी :—

(i) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक।

(ii) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(iii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित जन जाति का हो तो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का सद्भाविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक।

(iv) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से सदभाव पूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(v) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति का हो और श्रीलंका से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तथा अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक।

(vi) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने कीनिया उगांडा या तंजानिया संयुक्त गणराज्य से प्रव्रजन किया हो या जाम्बिया, मलावी, जेरे और इथोपिया से प्रत्यावर्तित हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(vii) यदि उम्मीदवार बर्मा से सदभाव पूर्वक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(viii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो और वर्षों से सदभाव पूर्वक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो तथा उसने 1 जून 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक।

(ix) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्रवाई के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से मुक्त किए गये रक्षा कार्मिकों को अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(x) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष मे या किसी अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से निर्मुक्त किये गये ऐसे रक्षा कार्मिकों के लिए, जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति के हों, तो अधिक मे अधिक 8 वर्ष तक।

(xi) 1971 के भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाही में विकलांग होने के परिणाम स्वरूप सेवा से निर्मुक्त किए गए ऐसे सीमा सुरक्षा बल के रक्षा कार्मिकों के लिए अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(xii) 1971 के भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाही में विकलांग होने के परिणाम स्वरूप सेवा से निर्मुक्त सीमा सुरक्षा बल के उन रक्षा कार्मिकों के लिए जो अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जन जाति के हों, अधिक से अधिक 8 वर्ष तक।

(xiii) यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित मूलतः भारतीय व्यक्ति (जिसके पास भारतीय परिपत्र हो) और ऐसा उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपातकाल का प्रमाण-पत्र है, और जो वियतनाम से जुलाई, 1975 से पहले भारत नहीं आया ह, तो उसके लिए अधिक से अधिक 3 वर्ष;

(xiv) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का है तथा भारत मूल का वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति (भारतीय पारपत्र-धारी) है तथा साथ ही वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी आपातकाल प्रमाण पत्र रखने वाला ऐसा उम्मीदवार है जो वियतनाम में जुलाई, 1975 के बाद आया है तो अधिकतम आठ वर्ष तक, और

(xv) यदि उम्मीदवार शारीरिक रूप से विकलांग हो अर्थात् जिसका कोई अंग विकृत है और वह आंशिक रूप से बहरा है तो अधिक से अधिक 10 वर्ष।

ऊपर की गई व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी हालत में छूट नहीं दी जा सकती है।

6. परीक्षा में असफल होने वाला उम्मीदवार अगली परीक्षा में बैठने का पात्र नही होगा, परन्तु उससे अगली या उसके बाद की ही परीक्षा में बैठने का पात्र होगा।

7. ऐसे किसी उम्मीदवार को परीक्षा में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा जिसके पास आयोग द्वारा दिया गया प्रवेश पत्र न हो।

8. सामान्य उम्मीदवारों को रु० 8.00 (केवल रु० आठ) तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवारों को रु० 2.00 (केवल रु० दो) की निर्धारित फीस पोस्टल आर्डरों या बैंक ड्राफ्टों के द्वारा देनी होगी। भूतपूर्व सैनिकों द्वारा कोई फीस नहीं दी जानी है।

9. अपने उम्मीदवारों के लिये किसी भी साधन द्वारा समर्थन प्राप्त करने के प्रयास किए जाने से प्रवेश के लिए उसे अनर्हक किया जा सकेगा।

10. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग द्वारा निम्नलिखित बातों के लिए दोषी घोषित कर दिया जाता है या कर दिया गया हो कि उसने :—

(i) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(ii) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(iii) किसी अन्य व्यक्ति के छदम रूप से कार्य साधन कराया है अथवा

(iv) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये हैं जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(v) गलत या झूठे वक्तव्य दिया है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(vi) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया ह, अथवा

(vii) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का प्रयोग किया हो, या

(viii) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखी हों जो अश्लील भाषा में या अभद्र आशय की हो, या

(ix) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया हो, या

(x) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो,

(xi) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया हो, तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से, जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे स्थायी रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिए —

(i) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए,

(ii) केन्द्रीय सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है, और

(ग) उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

11. परीक्षा के बाद उम्मीदवारों को आयोग द्वारा एक सूची में प्रत्येक उम्मीदवार को अन्तिम रूप से दिये गये कुल अंकों के आधार पर योग्यता क्रम के अनुसार रखा जाएगा और इसी क्रम में उतने उम्मीदवारों को, जितनों को आयोग द्वारा, उत्तीर्ण समझा जाएगा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड "घ" के पदों में परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली अनारक्षित रिक्तियों की संख्या तक नियुक्ति के लिए सिफारिश की जाएगी।

लेकिन यह भी शर्त है कि यदि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आरक्षित रिक्तियों की संख्या न भरी गई हो तो कर्मचारी चयन आयोग द्वारा निर्धारित सामान्य स्तर के अनुसार उस सेवा/पद पर नियुक्ति के लिए उपर्युक्त घोषित कर देने पर उसे सेवा/पद में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के सदस्यों के लिए आरक्षित स्थानों पर नियुक्ति की जाने के लिए परीक्षा में उसके योग्यता क्रम के स्थान पर ध्यान किए बिना ही उसकी सिफारिश कर दी जाएगी। आयोग द्वारा जिन भूतपूर्व सैनिकों को परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्ति के लिए उपर्युक्त समझा जाएगा वे उनके लिए आरक्षित रिक्तियों में नियुक्त होने के पात्र होंगे चाहे इस परीक्षा के योग्यता क्रम मे उनका कोई भी स्थान हो।

परन्तु यह भी कि यदि सामान्य स्तर से अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जन जातियों से संबंधित भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवार नहीं भरे जा सकते हों, तो आरक्षित कोटे में कमी को पूरा करने के लिए आयोग द्वारा स्तर में छूट दे कर, चाहे परीक्षा के योग्यता क्रम में उनका कोई भी स्थान हो, सेवा में चयन करने के लिए उनकी सिफारिश की जाए बशर्ते कि ये उम्मीदवार इन सेवाओं में चयन के लिए उपयुक्त हों।

परन्तु यह भी कि यदि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का कोई भूतपूर्व सैनिक चुन लिया जाता है तो उसके चयन की गणना आरक्षण के ऐसे सम्पूर्ण कोटा के प्रति की जाएगी, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जन जातियों के लिए उपबन्धित किया जाए।

टिप्पणी :—उम्मीदवारों को यह भी स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि यह प्रतियोगिता परीक्षा है न कि अर्हक। परीक्षा के लिए परिणामों के आधार पर सेवा के ग्रेड "घ" में नियुक्त किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या निश्चित करने के लिए सरकार पूर्णतः सक्षम है। अतः किसी भी उम्मीदवार का इस परीक्षा में अपने निष्पादन के आधार पर, एक अधिकार के तौर पर ग्रेड "घ" आशुलिपिक के पद पर नियुक्ति के लिए कोई दावा नहीं होगा।

12. अलग-अलग उम्मीदवारों के परीक्षा-परिणामों की सूचना के स्वरूप तथा प्रकार के बारे में आयोग द्वारा अपने विवेकानुसार निर्णय किया जाएगा और आयोग उसके साथ परीक्षाफल के बारे में कोई पत्राचार नहीं करेगा।

13. परीक्षा में सफलता मात्र से ही चयन का तब तक कोई अधिकार नहीं मिलता जब तक कि सरकार द्वारा यथावश्यक जांच पड़ताल न हो जाये कि उम्मीदवार सेवा में अपने चरित्र की दृष्टि से चयन के लिए सब प्रकार से उपयुक्त है।

वह उम्मीदवार जो परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन करने के पश्चात अथवा उस में बैठने के पश्चात अपने पद से त्याग पत्र दे देता है अथवा सेवा को अन्यथा छोड़ देता है। अथवा उसके साथ विच्छेद कर लेता है, उसके विभाग द्वारा उसकी नौकरी समाप्त कर दी जाती है अथवा जो उम्मीदवार, "स्थानान्तरण" पर किसी संवर्ग वाह्य पद अथवा किसी दूसरी सेवा में नियुक्त किया जाता है और केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में उसका पूर्ण ग्रहणाधिकार नहीं होता है उस परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

किन्तु यह उस उम्मीदवार पर लागू नहीं होता जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से किसी निःसंवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया गया है।

एच० जी० मंडल, अवर सचिव

परिशिष्ट—1

उम्मीदवारों को अंग्रेजी में या हिन्दी में 10 मिनट की एक श्रुतलेख की परीक्षा 80 शब्द प्रति मिनट की गति से देनी होगी। जो उम्मीदवार अंग्रेजी परीक्षा देने का विकल्प करेंगे उन्हें 65 मिनट में लिप्यंतर करना होगा

और जो उम्मीदवार हिन्दी में परीक्षा देने का विकल्प करेंगे उन्हें क्रमश: 75 मिनट में लिप्यन्तर करना होगा। आशुलिपि परीक्षा के लिए अधिकतम अंक 300 होंगे।

टिप्पणी :—जो उम्मीदवार आशुलिपिक परीक्षा हिन्दी में देने का विकल्प लेंगे उन्हें अपनी नियुक्ति के बाद अंग्रेजी आशुलिपि और जो उम्मीदवार आशुलिपि की परीक्षा अंग्रेजी में देने का विकल्प लेंगे उन्हें हिन्दी आशुलिपि सीखनी होगी।

2. उम्मीदवारों को अपने आशुलिपि के नोटों का टाइपराइटर पर लिप्यांन्तरण करना होगा और इस प्रयोजन के लिये उन्हें अपने साथ अपने टाइपराइटर लाने होंगे।

परिशिष्ट—II

प्रपत्र

कर्मचारी चयन आयोग

ग्रेड "घ,, आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा

अन्तिम तारीख—परीक्षा के महीने में पहले के महीने का 10 तारीख

यहां उम्मीदवार के पासपोर्ट साइज के फोटो की हस्ताक्षरित प्रति चिपकाई जाए। दूसरी हस्ताक्षरित फोटो की प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जानी चाहिए।

(1) पोस्टल आर्डर/बैंक ड्राफ्ट का विवरण और मूल्य

(2) उम्मीदवार का नाम श्री/श्रीमती/कुमारी (साफ अक्षरों में)

(3) सही जन्म तिथि (इस्वी सन में)

(4) जिस कार्यालय में कार्य कर रहे हो उसका नाम तथा पता

(5) क्या आप :—

(i) अनुसूचित जाति _____

(ii) अनुसूचित जन जाति _____

(iii) भूतपूर्व सैनिक _____

(iv) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति हैं? _____

तो उत्तर हां अथवा नहीं में दें।

(6) (i) पिता का नाम

(ii) पति का नाम (महिला उम्मीदवार के मामले में)

(7) जिस भाषा (हिन्दी अथवा अंग्रेजी) में आप आशुलिपिक परीक्षा देना चाहते हो, उसका नाम लिखें।

(8) क्या आप पिछली परीक्षा में बैठे थे यदि हां तो अपना रोल नम्बर तथा परीक्षा का महीना लिखें।

(9) क्या आप केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड/उच्च श्रेणी ग्रेड के स्थायी अथवा नियमित रूप से नियुक्त अस्थायी अधिकारी हैं? और क्या आपने उस वर्ष की पहली जनवरी को जिसमें परीक्षा होनी है संगत ग्रेड में न्यूनतम दो वर्ष की अनुमोदित लगातार सेवा कर ली है।

(10) यदि आप सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से संवर्ग वाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति पर है अथवा संवर्ग वाह्य पद पर स्थानान्तरण के आधार पर है तो क्या आप पूर्व पद पर अपना धारणाधिकार (लियन) रखेंगे।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

उस कार्यालय के विभागाध्यक्ष द्वारा भरा जाने के लिए जिसमें उम्मीदवार सेवा कर रहा है।

प्रमाणित किया जाता है कि :—

(1) आवेदन पत्र के कालमों में उम्मीदवार द्वारा की गई प्रविष्टियों को उसके सेवा रिकार्डों मे जांच कर ली गई और वे सही हैं।

(2) उसके आवेदन पत्र की जांच कर ली गई है और प्रमाणित किया जाता है कि वह नियमों में निर्धारित

सभी शर्तों को पूरा करता है तथा वह परीक्षा में बैठने के लिए सभी तरह से पात्र है ।

हस्ताक्षर
नाम
पदनाम
विभाग/कार्यालय

संख्या———————
तारीख

टिप्पणी:— जो उम्मीदवार एक बार फेल हो जाता है वह केवल अगले तीनों महीनों के बाद की परीक्षा में बैठ सकता है अर्थात जो उम्मीदवार अप्रैल में ली जाने वाली परीक्षा में फेल हो जाए तो वह अगस्त अथवा उसके बाद होने वाली परीक्षा 2 में बैठ सकता है ।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 18 फरवरी 1984

संकल्प

सं० वी० 11014/6/83-एन० एम० (सी० एम० ओ०) भारत सरकार ने संचार संबंधी एक टास्क फोर्स का गठन किया है । इस टास्क फोर्स में निम्नलिखित सदस्य होंगे :—

(1)	संयुक्त सचिव (प० क०) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय	अध्यक्ष
(2)	सलाहकार (विपणन), परिवार कल्याण विभाग	सह-अध्यक्ष
(3)	चीफ मीडिया, परिवार कल्याण विभाग	सदस्य
(4)	सेल्स प्रोमोशन एग्जीक्यूटिव	सदस्य-संयोजक
(5)	सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार का एक नामजद अधिकारी	सदस्य
(6)	दुरदर्शन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार का एक नामजद अधिकारी	सदस्य
(7)	आकाशवाणी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार का एक नामजद अधिकारी	सदस्य
(8)	राज्य एम० ई० एम० अधिकारी, केरल सरकार	सदस्य
(9)	उप-निदेशक (एम० ई० एम०), उत्तर प्रदेश सरकार	सदस्य
(10)	सहायक निदेशक (एम० ई० एम०), गुजरात सरकार	सदस्य
(11)	राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान, का एक नामजद अधिकारी	सदस्य
(12)	भारतीय जन संचार संस्थान, नई दिल्ली का एक नामजद अधिकारी	सदस्य
(13)	आई० टी० सी० लिमिटेड के श्री सतीश मेहता अथवा उनका नुमाईदा	सदस्य
(14)	यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड के श्री आर० एम० नायर अथवा उनका नुमांइदा	सदस्य
(15)	स्वास्थ्य सचिव, महाराष्ट्र सरकार	सदस्य
(16)	डा० श्रीमति इंदिरा कपूर, प्रभारी अधिकारी परिवार कल्याण, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, बम्बई ।	सदस्य
(17)	अध्यक्ष/महाप्रबन्धक, हिदुस्तान लेटैस्क लिमिटेड, त्रिवेंद्रम ।	सदस्य
(18)	आपरेशन रिसर्च ग्रुप से एक नामजद अधिकारी	सदस्य
(19)	हिन्दुस्तान थाम्सन एसोसिएट लिमिटेड का एक नामजद अधिकारी	सदस्य

2. विचारार्थ विषय :—

(1) सामाजिक विपणन परियोजना में की गई परिकल्पना के अनुसार यह टास्क फोर्स मर्भ-निरोधक विपणन संगठन के सूचना, शिक्षा और संचार के लिए कार्यनीति तैयार करेगा और सूचना शिक्षा और संचार संबंधी प्रशिक्षण क्रियाकलापों के लिए जिम्मेदार शीर्षस्थ संस्थान को नीति संबंधी शिक्षा निर्देश प्रदान करेगा । यह टास्क फोर्स चार महीनों के अन्दर-अन्दर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर देगा ।

(2) इस टास्क फोर्स को अपनी बैठकों में भाग लेने के लिए दूसरे विशेषज्ञों को सहयोजित/आमंत्रित करने की शक्ति होगी ।

3. इस टास्क फोर्स के गैर-सरकारी सदस्य इसकी बैठकों में भाग लेने के लिए भारत सरकार के नियमों के उपबन्धों के अनुसार यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता प्राप्त करने के हकदार होंगे । समिति के जो सदस्य सरकारी कर्मचारी है, वे यथा स्वीकार्य यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते उसी स्रोत से प्राप्त करेंगे जिससे वे अपना वेतन प्राप्त करते हैं ।

4. इस पर होने वाला खर्च मांग संख्या 49—परिवार कल्याण, मुख्य शीर्ष "281" ए-7(6) निरोध योजना ; ए-7(6)(2) यात्रा खर्च (योजना) 1983—84 एवं 1984—85 के नामे डाला जाएगा ।

जे० एस० कांग, अवर सचिव

कृषि मंत्रालय

(कृषि और सहकाता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 9 फरवरी 1984

स० 8—25/23—पी० पी० एस०—इस विभाग की अधि-सूचना संख्या 16—10/58-पी० पी० एस० दिनांक 4 जुलाई 1961 तथा सं० 8-10/74 पी० पी० एस० दिनांक 20 फरवरी

1975 में गुजरात के सामने विद्यमान प्रविष्टियों के स्थान पर निरीक्षण, धूमीकरण या रोगाणुनाशन के लिये तथा विदेशों, जिनकी सरकारें इस प्रकार के प्रमाण-पत्र की अपेक्षा करती है को निर्यात करने के लिये सयंत्रों तथा सयंत्र परियोजनाओं के संबंध में पादम-स्वच्छता प्रमाण पत्र मंडूर करने के लिये प्राधिकृत व्यक्तियों की सूची में निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए ।

वनस्पति संगरोध अधिकारी, वनस्पति संगरोध तथा धूमीकरण केन्द्र, कृषि विभाग, जामनगर ।

ए० एम० सिंह, अवर सचिव

शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय

(पुस्तक प्रोन्नति प्रभाग)

नई दिल्ली-1, दिनांक 18 जनवरी 1984

स० एफ० 7–17/79-पु० प्रो०-II—भारत सरकार के संकल्प सं० एफ० 7–17/79-पु० प्रो०-II दिनांक 15 सितम्बर 1983 के पैरा 5 के अनुसरण में श्री सुरेन्द्र झा, सम्पादक "साईस एज" नेहरु केन्द्र, बम्बई को व्यक्तिगत हैसियत से राष्ट्रीय पुस्तक विकास परिषद् की प्रथम बैठक की तारीख से चार वर्षों की अवधि के लिए परिषद् के सदस्य के रूप में नामजद किया जाता है ।

मनमोहन सिंह, संयुक्त सचिव तथा
वित्त सलाहकार

ऊर्जा मंत्रालय

कोयला विभाग

नई दिल्ली दिनांक 29 फरवरी 1983

संकल्प

सं० 11/2/83-सी० एल०—कोयला सलाहकार परिषद् के पुनगर्ठन संबंधी इस विभाग के संकल्प सं० 11/2/83-सी० एल० दिनांक 17 जनवरी, 1984 में आंशिक संशोधन करते हुए सदस्यों की सूची में क्रम सं० 55 से 59 तक निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :—

55. इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस के छह प्रतिनिधि
56. आल इंडिया ट्रेड यूनियन काग्रेस के तीन प्रतिनिधि
57. सेंटर आफ़ इंडियन ट्रेड यूनियनन्स के तीन प्रतिनिधि
58. हिन्द मजदूर सभा का एक प्रतिनिधि
59. भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधि

समय सिंह, अवर सचिव

(पैट्रोलियम विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 28 फरवरी 1984

विषय —उत्तर ताष्ती सी–I संरचना) क्षेत्र के 113.75 वर्ग किलो मीटर (अपतट) क्षेत्र के लिए तेल एंव प्राकृतिक गैस आयोग को पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस की स्वीकृति ।

सं० ओ०–12012/42/83—प्रीडक्शन—पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 5 के उपनियम (1) की धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हूए केंद्रीय सरकार एतद्द्वारा तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग तेल भवन देहरादून (जिसको इसके बाद आयोग कहा जायेगा) के उत्तर ताष्ती सी–I) संरचना क्षेत्र के 113.75 वर्ग किलीमीटर (अपतट) क्षेत्र में पैट्रोलियम मिलने की संभावना हेतु एक पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस 20-4-1983 से 4 वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृति देती है। इसके विवरण इसके साथ संलग्न अनुसूची "क" में दिये गये हैं ।

लाइसेंस की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों पर है :—

(क) अन्वेषण लाइसेंस पैट्रोलियम के संबंध में होगा ।

(ख) यदि अन्वेषण कार्य के दौरान कोई खनिज पदार्थ पाये गये तो आयोग पूर्ण ब्यौरे के साथ उसकी सूचना केंद्रीय सरकार को देगा ।

(ग) स्वत्व शुल्क (रायल्टी) निम्नलिखित दरों पर ली जाएगी :

(i) समस्त अशोधित तेल तथा केसिंग हैड कन्डेन्सेट पर 61/– रुपये प्रति मी० टन या ऐसी दर जो समय-समय पर केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित की जायेगी ।

(ii) प्राकृतिक गैस के संबंध में यह दर केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होगी ।

(iii) स्वत्व शुल्क (रायल्टी) की अदायगी, पैट्रोलियम विभाग, नई दिल्ली के वेतन तथा लेखा अधिकारी को की जायेगी ।

(घ) आयोग लाइसेंस के अनुसरण में प्रत्येक माह के प्रथम 30 दिनों में गत माह से प्राप्त समस्त अशोधित तेल की मात्रा, केसिंग हैड कन्डेन्सेट और प्राकृतिक गैस की मात्रा तथा उसका कुल उचित मूल्य दर्शाने वाला एक पूर्व तथा उचित विवरण केन्द्रीय सरकार को भेजेगा । यह विवरण संलग्न अनुसूची "ख" में दिये गये प्रपत्र में भरकर देना होगा ।

(ड) पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम II की आवश्यकता के अनुसार आयोग 6000 रुपये की धनराशि प्रतिभूति के रूप में जमा करेगा ।

(च) आयोग प्रतिवर्ष लाइसेंस के संबंध में एक शुल्क के संबंध में एक शुल्क का भुगतान करेगा जिसकी संगणना प्रत्येक वर्ग किलोमीटर या उसके किसी अंश जिसका लाइसेंस में उल्लेख किया गया हो, निम्नलिखित दरों पर की जायेगी ।

1. लाइसेंस के प्रथम वर्ष के लिए	4 रु०
2. लाइसेंस के द्वितीय वर्ष के लिए	20 रु०
3. लाइसेंस के तृतीय वर्ष के लिए	100 रू०

4. लाइसेंस के चतुर्थ वर्ष के लिए 200 रु०

5. लाइसेंस के नवीकरण के प्रथम और द्वितीय वर्ष के लिए 300 रुपये ।

(छ) पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम II के उपनियम (3) की आवश्यकतानुसार आयोग को अन्वेषण लाइसेंस के किसी क्षेत्र के किसी भाग को छोड़ देने की स्वतंत्रता सरकार को दो माह के नोटिस के बाद होगी ।

(ज) आयोग केंद्रीय सरकार की मांग पर उसको तत्काल तेल तथा प्राकृतिक गैस अन्वेषण के अन्तर्गत पाये गये समस्त खनिज पदार्थों के संबंध में भूवैज्ञानिक आंकड़ों के बारे में एक पूर्ण रिपोर्ट गुप्त रूप से देगा तथा हर छः महीने में निश्चित रूप से केन्द्रीय सरकार को समस्त परिचालनों व्ययन तथा अन्वेषण कार्यों के परिणामों के बारे में सूचना देगा ।

(झ) आयोग समुद्र की तलहटी और/या उसके धरातल पर आग लगने संबंधी निवारक उपायों की व्यवस्था करेगा तथा आग बुझाने हेतु हर समय के लिए ऐसे उपकरण, सामान तथा साधन बनाये रखेगा और तीसरी पार्टी और/या सरकार को उतना मुआवजा देगा जितना कि आग लगने से हुई हानि के बारे में निर्धारित किया जायेगा ।

(ञ) इस अन्वेषण लाइसेंस पर तेल क्षेत्र नियंत्रण और विकास अधिनियम, 1948 (1948 का 53) और पैट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के उपबन्ध लागू होंगे ।

(ट) पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस के बारे में आयोग केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित एक जैसा दस्तावेज भर कर देगा जो अपतटीय क्षेत्रों के लिए व्यवहार्य होगा ।

अनुसूची "क"

उत्तर ताप्ती क्षेत्र के भू-वैज्ञानिक निर्देशांक के ब्यौरे

(अपतटीय)

	रेखांश				अक्षांश			
बिन्दु "ए"	72°	18′	00″	ई	21°	04′	00″	एन
बिन्दु "बी"	72°	30′	00″	ई	21°	06′	00″	एन
बिन्दु "सी"	72°	30′	00″	ई	21°	04′	00″	एन
बिन्दु "डी"	72°	18′	00″	ई	21°	00′	00″	एन

अनुसूची—ख

अशोधित तेल, केसिंग कन्डेन्सेट तथा प्राकृतिक गैस के उत्पादन तथा उसके मूल्य सहित मासिक वितरण।

उत्तर ताप्ती (सी–I संरचनाएं के लिए पैट्रोलियम अन्वेषण (अपतट क्षेत्र)

क्षेत्रफल 11/375 वर्ग कलोमीटर (अपतटक्षेत्र)

माह तथा वर्ष

क—अशोधित तेल

कुल प्राप्त किलो लीटरों की सं०	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये किलो लीटरों की सं०	केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पैट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये लीटरों की सं०	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त किलो लीटरों की सं०	टिप्पणी
1	2	3	4	5

ख—केसिंग हैड कन्डेन्सेट

प्राप्त किये गये कुल किलो लीटरों की सं०	अपरिहार्य रुप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये किलो लीटरों की संख्या	केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पैट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये किलो लीटरों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त किलो लीटरों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

ग—प्राकृतिक गैस

कुल प्राप्त घन मीटरों की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये गये घन मीटरों की संख्या	केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पैट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये घन मीटरों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त घन मीटरों संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

एतद्द्वारा मैं, श्री———————————————सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा एवं पुष्टि करता हूं कि इस विवरण में दी गई सूचना पूर्ण रूपेण सत्य और सही है. उसे सही समझते हुए मैं शुद्ध अन्तःकरण से सत्य निष्ठा से यह घोषणा करता हूं।

हस्ताक्षर———————————

भारत के राष्ट्रपति के आदेश से तथा उनके नाम पर ।

दिनांक 29 फरवरी 1984

आदेश

विषय : गोदावरी क्षेत्र (अपतटीय) के 733.593 वर्ग किलो मीटर क्षेत्र मे तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग को आदेश संख्या 12012/5/80—उत्पादन दिनांक 30-6-1980 के अधीन दिया गया पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस । प्रथम नवीकरण ।

सं० 12012/5/80—उत्पादन—पैट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियम, 1959 (जैसा समय-समय पर संशोधित किया गया) के नियम 10 के अनुसरण में, केंद्रीय सरकार ने ऊपर उल्लिखित सरकारी आदेश के अधीन तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग को पहले ही प्रदान किये गये मौजूदा पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस का 30-11-1983 से एक वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए (अर्थात् 30-11-1983 से 29-11-1984 तक की अवधि के लिए) प्रथम नवीकरण किया है ।

भारत के राष्ट्रपति के आदेश से तथा उनके नाम पर ।

विनय बंसल, निदेशक (ई)

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 26th January 1984

No. 24-Pres/84.—The President is pleased to approve the award of 'KIRTI CHAKRA' to the undermentioned persons for act of conspicuous gallantry :—

1. 131152 NAIK RAM BAHADUR CHHETRI, ASSAM RIFLES.

(Posthumous)

(Effective date of the award : 18th December, 1980)

